R.N.I. : UPHIN/2012/52437
Website : www.mantrabharat.com

जुनून है सच लिखने का

डाक पंजीयन संख्या : एल-2/9/रजि0/एडी0/119/15-17

संस्करण : प्रयागराज
वर्ष : 15
अंक : 139
पृष्ठ : 8
मूल्य : 1.00
सोमवार, 26 जनवरी, 2026

# मंत्र भारत

हिन्दी दैनिक

प्रयागराज, लखनऊ, ग्वालियर एवं मुम्बई से एक साथ प्रकाशित एवं प्रतापगढ़, कौशाम्बी, भदोही, मिर्जापुर, वाराणसी, आजमगढ़ व गोरखपुर से प्रसारित



*गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई...*

3 किन्नर अखाड़ा की नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष का ... 5 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर भदोही में लोकतंत्र ... 7 आपसी मतभेदों को भुलाकर सनातन ...

## देश के विकास में महिलाओं का बड़ा योगदान, गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर बोलीं राष्ट्रपति

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देश को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि देश के युवा स्वर्णिम भविष्य को लेकर विश्वास मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा, हमारे कलाकार और शिल्पकार हमारी समृद्ध परंपराओं को आधुनिक अभिव्यक्ति दे रहे हैं। उन्होंने देश के विकास में नारी शक्ति की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए रविवार को कहा कि आज देश की बहन-बेटियां रूढ़ियों को तोड़कर देश के विकास में सक्रिय योगदान दे रही हैं। राष्ट्रपति ने कहा, हमारा संविधान विश्व इतिहास के सबसे बड़े गणतंत्र का मूलभूत दस्तावेज है। उन्होंने कहा कि एकता की भावना को बढ़ावा देने के लिए किया गया हर प्रयास बहुत सराहनीय है।

गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में श्रीमती मुर्मु ने कहा, 'महिलाओं का सक्रिय और समर्थ होना देश के विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। हमारी बहनें और बेटियां, परंपरागत रूढ़ियों को तोड़कर आगे बढ़ रही हैं। महिलाएं देश के समग्र विकास में सक्रिय योगदान दे रही हैं।' उन्होंने कहा, 'विकसित भारत के निर्माण में नारी-शक्ति की भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी। उनके बढ़ते हुए योगदान से हमारा देश महिला-पुरुष समानता पर आधारित समावेशी गणतंत्र का उदाहरण प्रस्तुत करेगा।'

राष्ट्रपति ने कहा कि महिलाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा एवं आर्थिक सशक्तिकरण के लिए किए जा रहे राष्ट्रीय प्रयासों से अनेक क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है। उन्होंने कहा कि 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान से बेटियों की शिक्षा को प्रोत्साहन मिला है। 'प्रधानमंत्री - जन धन योजना' के तहत अब तक 57 करोड़ से अधिक बैंक खाते खोले जा चुके हैं। इनमें लगभग 56 प्रतिशत खाते महिलाओं के हैं। स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी दस करोड़ से अधिक बहनें विकास की नई परिभाषा लिख रही हैं।

खेत-खलिहानों से लेकर अन्तरिक्ष तक, स्व-रोजगार से लेकर सेनाओं तक महिलाओं की उपलब्धियों की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा, 'खेल-कूद के क्षेत्र में हमारी बेटियों ने विश्व-स्तर पर नए प्रतिमान स्थापित किए हैं।'



उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष नवंबर में देश की बेटियों ने आईसीसी महिला विश्व कप और उसके बाद दृष्टिबाधित महिलाओं का टी20 विश्व कप जीतकर स्वर्णिम इतिहास रचा है। पिछले ही वर्ष शतरंज विश्व कप का फाइनल मैच भारत की ही दो बेटियों के बीच खेला गया। यह खेल-जगत में देश की बेटियों के वर्चस्व का प्रमाण हैं। उन्होंने कहा कि पंचायती राज संस्थाओं में महिला जन-प्रतिनिधियों की संख्या लगभग 46 प्रतिशत है। महिलाओं के राजनैतिक सशक्तिकरण को नयी ऊंचाई देने वाले 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' से महिलाओं के नेतृत्व द्वारा विकास की सोच को अभूतपूर्व शक्ति मिलेगी।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि विभिन्न् क्षेत्रों में अग्रणी रही भारत की महान विरासत में इधर सबसे महत्वपूर्ण काम यह हो रहा है कि देश ने गुलामी की मानसिकता के अवशेषों से मुक्त होने का समयबद्ध संकल्प लिया है। यह सबसे गौरव की बात है कि आज का भारत, नये आत्म-विश्वास के साथ, अपनी गौरवशाली परम्पराओं के प्रति सचेत होकर आगे बढ़ रहा है। हाल के वर्षों में हमारी आध्यात्मिक परंपरा के पवित्र स्थलों को जन-चेतना के साथ जोड़ा गया है।

राष्ट्रपति ने कहा कि इधर महत्त्वपूर्ण काम यह हो रहा है कि देश ने नियत अवधि में गुलामी की मानसिकता के अवशेषों से मुक्त होने का समयबद्ध संकल्प लिया है। सरकार और जनता के बीच की दूरी को कम किया जा रहा है। आपसी विश्वास पर आधारित सुशासन पर बल देते हुए अनेक अनावश्यक नियमों को निरस्त किया गया है और कई अनुपालनों के पालन को खत्म कर आम जनता के हित में सभी जटिल व्यवस्थाओं को सरल बनाते हुए टेक्नॉलॉजी के माध्यम से लाभार्थियों को सुविधाओं से सीधे जोड़ा जा रहा है।

### आवश्यक सूचना

गणतंत्र दिवस के अवसर पर **मंत्र भारत** समाचार पत्र का कार्यालय दिनांक 26-01-2025 को बंद रहेगा। अगले अंक का प्रकाशन दिनांक 28-01-2025 को यथावत प्रकाशित होगा।

**- प्रबंधक**

### शुभकामना संदेश

गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर नगरवासियों, शुभेक्षु पाठिजनों सहित समस्त सम्मानित राष्ट्रवासी को हिन्दी दैनिक समाचार पत्र **मंत्र भारत** परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएँ - **सम्पादक**

## भारतीय उत्पाद उच्च गुणवत्ता के पर्याय होने चाहिए : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उद्योग जगत एवं स्टार्टअप से गुणवत्ता पर ध्यान केंद्रित करने तथा विनिर्माण में उत्कृष्टता को एक मानदंड बनाने का संकल्प लेने का रविवार को आग्रह किया।



रेडियो पर प्रसारित अपने मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' में मोदी ने कहा कि भारतीय उत्पाद उच्च गुणवत्ता के पर्याय होने चाहिए। उन्होंने उद्योग से ऐसे उत्पादों का निर्माण करने का आग्रह किया जिनमें किसी प्रकार की कमी नहीं हो।

प्रधानमंत्री ने अपने 130वें 'मन की बात' संबोधन में कहा, "हम जो कुछ भी निर्मित करते हैं, आइए, उसकी गुणवत्ता में सुधार करने का संकल्प लें। चाहे वह हमारे वस्त्र हों, प्रौद्योगिकी हो, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण हों या पैकेजिंग, हर भारतीय उत्पाद 'सर्वोत्तम गुणवत्ता' का पर्याय होना चाहिए।" उन्होंने उन युवाओं के प्रयासों की भी सराहना की, जिन्होंने 10 साल पहले 2016 में शुरू हुई भारत की स्टार्टअप यात्रा में उत्साहपूर्वक भाग लिया। मोदी ने कहा, "आज भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप परिवेश बन गया है। ये स्टार्टअप ढर्रे से हटकर काम कर रहे हैं; ये उन क्षेत्रों में काम कर रहे हैं जिनकी कल्पना भी 10 साल पहले तक नहीं की जा सकती थी।" प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय स्टार्टअप कंपनियां एआई, अंतरिक्ष, परमाणु ऊर्जा, सेमीकंडक्टर, गतिशीलता, हरित हाइड्रोजन और जैव प्रौद्योगिकी जैसे विविध क्षेत्रों में काम कर रही हैं। उन्होंने कहा, "आप किसी भी क्षेत्र का नाम लीजिए और आपको उस क्षेत्र में काम करने वाला कोई न कोई भारतीय स्टार्टअप मिल जाएगा। मैं अपने उन सभी युवा मित्रों को सलाम करता हूं जो किसी न किसी स्टार्टअप से जुड़े हैं या अपना खुद का स्टार्टअप शुरू करना चाहते हैं।" प्रधानमंत्री ने देशवासियों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस और गणतंत्र दिवस की भी शुभकामनाएं दीं।

## मोदी ने देश को आगे बढ़ाने के साथ अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति की भी चिंता की : नितिन नवीन

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने न केवल देश को आगे बढ़ाया है, बल्कि अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति की भी चिंता की है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद पहली बार भगवान श्रीकृष्ण की जन्मभूमि मथुरा पहुंचे नितिन नवीन ने कहा, 'आज जब मैं यहां आ रहा था तो देखकर लगा कि पहले विदेशों में जैसी सड़कें होती थीं, उससे बेहतर सड़कें अब उत्तर प्रदेश में हैं।'

उन्होंने कहा, 'यह इस बात का प्रमाण है कि देश कैसे बदल रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने न केवल इस देश को आगे बढ़ाया है, बल्कि अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति की भी चिंता की है।' नवीन ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के सिद्धांत का उल्लेख करते हुए कहा कि आज यह कहा जा सकता है कि प्रधानमंत्री अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को केंद्र में रखकर विकास की चिंता करते हैं। नितिन नवीन रविवार को यमुना एक्सप्रेसवे के रास्ते दिल्ली से मथुरा पहुंचे, जहां मांट क्षेत्र के बाजना कट पर कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों के साथ उनका जोरदार स्वागत किया।

उन्होंने कहा, 'आज हम यहां आए हैं। मैं मांट विधानसभा के लोगों से मिलने आया हूं। ऊपर वाले का आशीर्वाद है कि मेरा पहला कार्यक्रम भगवान श्रीकृष्ण की जन्मस्थली मथुरा में लगा है।' भाजपा अध्यक्ष ने कहा, 'मैं सभी से आग्रह करूंगा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज भारत को विकास के पथ पर आगे बढ़ा रहे हैं। आइए, इस राज्य और देश के विकास में अपना योगदान दें।' उन्होंने कहा, 'प्रधानमंत्री जी हमेशा कहते हैं कि यदि मैं एक कदम आगे बढ़ता हूं और मेरे साथ देश की 140 करोड़ जनता चलती है, तो देश को विकास के पथ पर आगे बढ़ने से कोई ताकत नहीं रोक सकती।'



नवीन ने कहा, 'लोगों ने देखा है कि पहले जब विश्व की राजनीतिक हस्तियों के सामने देश का प्रधानमंत्री खड़ा होता था, तो वह आंख मिलाकर बात नहीं कर पाता था, लेकिन अब वह दौर खत्म हो चुका है। आज नरेन्द्र मोदी पूरे विश्व में भारत का नेतृत्व कर रहे हैं और देश का सम्मान वैश्विक स्तर पर बढ़ा है।' तय कार्यक्रम के अनुसार, भाजपा अध्यक्ष मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ वृन्दावन मार्ग पर स्थित बेंगलुरु इस्कॉन के श्री वृन्दावन चंद्रोदय के दर्शन करेंगे। इसके बाद वह वहीं सुबह 11 बजे से एक घंटे तक प्रधानमंत्री के 'मन की बात' कार्यक्रम का प्रसारण सुनेंगे। तत्पश्चात, मुख्यमंत्री के साथ ठाकुर बांकेबिहारी के दर्शन भी करेंगे।

## 'पद्म पुरस्कार 2026 : अभिनेता धर्मेंद्र को पद्म विभूषण, रोहित शर्मा को पद्म श्री


नई दिल्ली **(एजेंसी)**। गणतंत्र दिवस 2026 के अवसर पर केंद्र सरकार ने देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में से एक 'पद्म पुरस्कारों' की घोषणा कर दी है। इस साल बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र और केरल के पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत वीएस अच्युतानंदन सहित पांच प्रतिष्ठित हस्तियों को देश का दूसरा सबसे बड़ा सम्मान पद्म विभूषण दिया गया है।

इस वर्ष देश का दूसरा सबसे बड़ा नागरिक सम्मान, पद्म विभूषण, पांच विशिष्ट हस्तियों को प्रदान किया गया है, जिन्होंने कला, साहित्य और सार्वजनिक जीवन में असाधारण योगदान दिया है। मनोरंजन जगत के दिग्गज और बॉलीवुड के 'ही-मैन' धर्मेंद्र को कला (सिनेमा) के क्षेत्र में उनके शानदार करियर के लिए यह सम्मान मिला है। सार्वजनिक मामलों में उनके महत्वपूर्ण कार्यों के लिए केरल के पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत वीएस अच्युतानंदन (मरणोपरांत) और केटी थॉमस को इस प्रतिष्ठित पुरस्कार से नवाजा गया है। इनके अलावा, शास्त्रीय संगीत की दुनिया में अपनी अलग पहचान बनाने वाली मशहूर वायलिन वादक एन राजम को कला के क्षेत्र में और पी नारायणन को साहित्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में उनकी विशिष्ट सेवा के लिए पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया है।

पद्म भूषण पाने वालों में महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी, विज्ञापन जगत के दिग्गज दिवंगत पीयूष पांडे, मशहूर बैंकर उदय कोटक, और भाजपा नेता वीके मल्होत्रा शामिल हैं। साथ ही, मनोरंजन जगत से मलयालम सुपरस्टार ममूटी और लोकप्रिय गायिका अलका याग्निक को भी इस सम्मान से नवाजा गया है।

खेल और शिक्षा जगत के कई सितारों को इस साल पद्म श्री सम्मान से नवाजा गया है। खेल की दुनिया में भारतीय क्रिकेट का गौरव बढ़ाने वाले दो बड़े नामों पुरुष टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा और महिला टीम की वर्तमान कप्तान हरमनप्रीत कौर भुल्लर को इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए चुना गया है। इनके साथ ही भारतीय महिला हॉकी टीम की गोलकीपर सविता पूनिया को भी खेल में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया है। मनोरंजन जगत की बात करें तो दिग्गज अभिनेता सतीश शाह (मरणोपरांत) और टॉलीवुड के मशहूर अभिनेता प्रोसेनजीत चटर्जी को यह सम्मान दिया गया है। वहीं, शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले यूजीसी के अध्यक्ष और जेएनयू के पूर्व कुलपति मामिडाला जगदीश कुमार को भी पद्म श्री से सम्मानित किया गया है।





# आगामी त्यौहार में शांति व्यवस्था बनाए रखें के लिए पीस कमेटी की बैठक

**मंत्र भारत संवाददाता**

सिद्धार्थनगर। जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 अभिषेक महाजन के आदेश के क्रम में, प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में, बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के पर्वेक्षण में थानाध्यक्ष अमित कुमार द्वारा थाना परिसर में आगामी त्यौहार, शब -ए - बारात व महाशिवरात्रि के दृष्टिगत के संबंध में पीस कमेटी की मीटिंग आयोजित की गई तथा त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु थाना क्षेत्र के भिन्न भिन्न ग्रामो के धर्मगुरुओ, मौलवियों, ग्राम प्रधान, सम्भ्रान्त व्यक्तियों से त्यौहार में कमेटी के अध्यक्ष व सदस्यो की बैठक की गयी/ सभी को शान्तिपूर्ण, सौहार्दपूर्वक, त्यौहार को मनाये जाने की अपील की गयी । बैठक में मौजूद सभी व्यक्तियों से त्यौहार के दृष्टिगत शासन द्वारा / उच्चाधिकारीगण द्वारा प्राप्त गाइडलाइन से अवगत कराया गया । सभी धर्मगुरुओं व कमेटी के अध्यक्ष व सदस्यों को उनके जिम्मेदारियों से अवगत कराया गया । शान्ति व्यवस्था को मुख्य रुप से विषय वस्तु बनाकर विस्तृत चर्चा किया गया तथा आदेश-निर्देश से अवगत कराया गया ।



# आरेडिका के जीएम की पुस्तक का यूनिवर्सल बुक सेलर्स पर विमोचन

**मंत्र भारत संवाददाता**

रायबरेली। आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली एवं रेल कोच फैक्टरी कपूरथला के महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा द्वारा लिखी गई पुस्तक "रेल थ्रु राज" द ईस्ट इंडियन रेलवे (1841-1861) का विमोचन यूनिवर्सल बुक सैलर गोमती नगर लखनऊ के सौजन्य से माननीय उप मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश बृजेश पाठक द्वारा दिनांक- 24.01.2026 को किया गया। बुक का विमोचन ब्रजेश पाठक, प्रशांत कुमार मिश्रा, मानव प्रकाश, गौरव प्रकाश, चंद्र प्रकाश, आलोक जौहरी ने किया।

महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा भारतीय रेलव यांत्रिक अभियंता सेवा के वरिष्ठ अधिकारी होने के साथ-साथ रेल विरासत के संरक्षक, पर्यावरणविद, रेलवे इतिहासकार, लेखक भी हैं। जिन्होने कई उच्च स्तरी पुस्तकों लेखन भी किया है। जिनके के द्वारा रेलवे पर लिखी हुई प्रसिद्ध पुस्तकें जैसे- 'द हाईवे ऑफ हिंदोस्तान- द ईस्ट इंडियन रेलवे (1841-1871)' और 'ट्रैक्स ऑफ नेसेसिटी- रेलवे, फेमाइन एंड एम्पायर इन डेक्कन' आदि का प्रकाशन किया जा चुका है।

"रेल थ्रु राज" द ईस्ट इंडियन रेलवे (1841-1861) इस पुस्तक के 13 अध्याय में लेखक मिश्रा ने यह लिखा है कि 1841 से 1861 के कालखण्ड के दौरान किस प्रकार ईस्ट इंडियन रेलवे का गठन हुआ। प्रारम्भिक काल में कम्पनी एवं निवेशकों के मध्य किस तरह के जोखिम सामने आये उनका किस प्रकार निदान किया गया। आगे पुस्तक में ईस्ट इंडियन रेलवे के विभिन्न नियमो तथा अधिनियमों के साथ भारत में 1853 में चली पहली रेल एवं कम्पनी के प्रशासकों लार्ड डल्हौजी तथा लार्ड कैंनिग की कार्यवाहीओं का वर्णन किया है। इसी के साथ भारत विभिन्न भागों जैसे- मुम्मई, कलकत्ता, रानीगंज, राजमहल, भागलपुर, तथा हिंदी भाषी क्षेत्रों में किस प्रकार रेलवे का विकास हुआ। रेल ट्रैक निर्माण के समय जंगलों, जंगली जानवरों, नदियों, पहाड़ों, महामारियों आदि की समस्याओं के किए गये समाधानों को जीवंत चित्रण प्रस्तुत किया गया है। देश प्रथम स्वतंत्रता संग्राम 1857 में रेल की भूमिका के संबंध में लिखा है। इस पुस्तक के नाम "रेल थ्रु राज" से जो भाव पाठकों के अन्तः पटल पर उत्पन्न होता है कि रेल के द्वारा किस प्रकार ब्रिटिश साम्राज्य की स्थापना की गयी। रेलवे के लिए बिछाई गयी इस्पात की पटरियां किस तरह से ब्रिटिश साम्राज्य की स्थापना की रीड बन गई प्राथमिक स्रोतों द्वारा विस्तृत चर्चा के माध्यम से समझाया गया है।



पुस्तक विमोचन के कार्यक्रम में सभी प्रमुख के संपादक मौजूद रहे। जिसमें दैनिक जागरण के आशुतोष शुक्ला, नव भारत टाइम्स के सुधीर मिश्रा, अमर उजाला के विजय त्रिपाठी, हिन्दुस्तान टाइम्स के प्रांशु, इंडिया टुडे के आशीष मिश्रा, इंडियन व्यू के राघवेंद्र, लोकमत से आदित्य आदि के साथ भारतीय रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी रहे आलोक जौहरी पूर्व बोर्ड सदस्य रेलवे बोर्ड, अतुल्य सिन्हा, एस के कटियार एवं रेलवे में कार्य कर रहे पीसीईई मनोज जिंदल, पीएफए बी एल मीणा, पीसीपीओ रूपेश श्रीवास्तव, पीसीई सत्य प्रकाश, पीसीएओ रवीश कुमार, पीसीएसई रमेश कुमार, एसडीजीएम अकमल वदूद, मुख्य जनसंपर्क अधिकारी आर एन तिवारी, पीसीपीओ आरडीएसओ अमर नाथ यादव आदि मौजूद रहे। प्रशांत कुमार मिश्रा के साथ वार्ता का कार्य श्रीमती नंदिनी वरिष्ठ पत्रकार एवं प्रवक्ता डॉ सुशील पांडे ने किया। कार्यक्रम का संचालन अस्थानंद पाठक उप वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखाधिकारी आरेडिका ने किया।

# सिद्धार्थनगर महोत्सव स्थल की व्यवस्था का डीएम ने किया निरीक्षण

**मंत्र भारत संवाददाता**

सिद्धार्थनगर। जिले के जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा जनपद में दिनांक 28 जनवरी से 01 फरवरी, 2026 तक बीएसए ग्राउण्ड मे आयोजित होने वाले सिद्धार्थनगर महोत्सव-2026 की तैयारियों का जायजा लिया गया।

निरीक्षण के दौरान महोत्सव की तैयारियों, पार्किंग व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, शांति व्यवस्था हेतु लगाये जाने वाले पुलिस बल इत्यादि की समीक्षा कर संबंधित को आवश्यक निर्देश दिये गये। इसके अलावा रेस्ट हाउस पर भी पार्किंग व्यवस्था स्थल का निरीक्षण किया गया।

इस दौरान ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट आयुष अग्रवाल, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) गौरव श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) ज्ञान प्रकाश, प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक, सहित अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।



# भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और मुख्यमंत्री योगी ने बांके बिहारी मंदिर में किए दर्शन

लखनऊ **(एजेंसी)**। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को मथुरा स्थित बांके बिहारी मंदिर में दर्शन-पूजन कर लोकमंगल की कामना की। दोनों नेताओं ने आराध्य के चरणों में शीश नवाकर विधि-विधान से वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना की।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और नितिन नवीन ने ठाकुर बांके बिहारी के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित किया और पुष्प अर्पित किए। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ठाकुर जी से प्रदेश की सुख-समृद्धि और 'विकसित भारत' के संकल्प की सिद्धि के लिए प्रार्थना की। दर्शन के उपरांत मंदिर के सेवायतों ने उन्हें प्रसाद दिया।



भाजपा अध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने के बाद पहली बार उत्तर प्रदेश की धरती 'ब्रजभूमि' पर पहुंचे नितिन नवीन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ आध्यात्मिक एवं राजनीतिक कार्यक्रमों में शामिल हुए।

इस अवसर पर केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री एवं भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष पंकज चौधरी तथा पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव दुष्यंत गौतम भी उपस्थित रहे। बांके बिहारी मंदिर में दर्शन के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन मांट के विधायक राजेश चौधरी के आवास पहुंचे। विधायक की माता का हाल में निधन हो गया था। दोनों नेताओं ने उनकी माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर शोक व्यक्त किया और शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी।

# शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाए जाने को लेकर पीस कमेटी की बैठक

**मंत्र भारत संवाददाता**

सिद्धार्थनगर। जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक महाजन के आदेश के क्रम में एवं अपर पुलिस अधीक्षक प्रशान्त कुमार प्रसाद के निर्देशन, व क्षेत्राधिकारी बांसी सुश्री रोहिणी यादव के कुशल पर्वेक्षण में प्रभारी निरीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य थाना शिवनगर डिडई के कुशल नेतृत्व में आगामी त्यौहार शवे बारात, शिवरात्रि, गुरु रविदास जयन्ती को सकुशल शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराये जाने हेतु थाना क्षेत्र के सम्भ्रान्त व्यक्तियों, गुरु रविदास जयंती मनाने वाले आयोजकों तथा उनके कमेटी के सदस्य एवं अन्य सम्भ्रान्त व्यक्तियों की पीस कमेटी मीटिंग आहूत की गयी । मीटिंग में उपस्थित सभी व्यक्तियों से उक्त त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के सम्बन्ध में उच्चाधिकारीगण व शासन द्वारा प्राप्त दिशा निर्देशो का पालन करने हेतु अवगत कराया गया।



# संगठन को मजबूत करने में कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ - कन्हैया पासवान

**मंत्र भारत संवाददाता**

सिद्धार्थनगर। जिले के मिठवल विकास खण्ड क्षेत्र में स्थिति वी.आर.पी राष्ट्रीय विद्यालय पर बूथ कार्यकर्ता सम्मान समारोह का आयोजन हुआ जिसमें बूथ अध्यक्षों एवं वीएलओ के सम्मेलन को मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने संगठन की शक्ति पर जोर दिया। उन्होंने कहा किसी भी चुनाव की जीत का मार्ग बूथ से होकर गुजरता है। संगठन को चलाने के लिए कार्यकर्ता व बूथ अध्यक्ष वीएलओ पार्टी की रीढ़ हैं। आप केवल कार्यकर्ता नहीं, बल्कि पार्टी के प्रतिनिधि हैं जो सीधे जनता से जुड़े होते हैं।उन्होंने दिशा निर्देश दिया कि हर बूथ अध्यक्ष अपने क्षेत्र के प्रत्येक घर तक पहुंचे और मतदाता सूची को पारदर्शी बनाने में सक्रिय भूमिका निभाए।

विशिष्ट अतिथि डुमरियागंज के पूर्व विधायक व हिंदू युवा वाहिनी के प्रदेश प्रभारी राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में जो विकास कार्य हुए हैं उन्हें घर-घर तक पहुँचाना हम सबकी जिम्मेदारी है। विपक्ष के भ्रामक प्रचार का जवाब हमें बूथ स्तर पर तथ्यों के साथ देना होगा । पन्ना प्रमुखों की सक्रियता पर बल देते हुए कहा कि कार्यकर्ता अभी से बूथ जीता, चुनाव जीता के संकल्प के साथ मैदान में जुट जाएं। कार्यकर्ता सम्मान समारोह के आयोजन में भाजपा युवा नेता दीपेंद्र विक्रम सिंह उर्फ दीपू ने आए हुए कार्यकर्ता व पदाधिकारी को नववर्ष की शुभकामना देते हुए डायरी पेन व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया, कार्यक्रम की अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष रमेश धर द्विवेदी ने किया। संचालन श्याम पाठक ने कहा की बूथ अध्यक्षों और वीएलओ ने जिस सक्रियता से काम किया है वह सराहनीय है। प्रमुख प्रतिनिधि डा.दशरथ चौधरी ने भी संशोधित किया इस दौरान नीरज बाबा, आकाश प्रताप सिंह, अक्कू, श्रीनाथ तिवारी, मनीष शुक्ला, मौलेश्वर नाथ त्रिपाठी, दिनेश चौधरी, हनुमंत सिंह, लक्ष्मी नारायण कशौधन, डॉक्टर संजय गौतम, उमेश गिरी, विरेन्द्र राव, गोपाल त्रिपाठी, दीपचंद जायसवाल आदि मौजूद रहे।



# विकसित भारत राम योजना अतर्गत बेरोजगारों को मिलेगा रोजगार की गारंटी-जगदम्बिका पाल

**मंत्र भारत संवाददाता**

सिद्धार्थनगर। जिले के डुमरियागंज विधानसभा के भवानीगंज दुर्गा मंदिर परिसर में, बांसी विधानसभा के भरथुआ ग्राम सभा में और शोहरतगढ़ विधानसभा के लेदवा ग्राम सभा में आयोजित विकसित भारत - राम कार्यक्रम के दौरान डुमरियागंज लोकसभा क्षेत्र के सांसद जगदंबिका पाल ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल (2009 से 2014) के दौरान मनरेगा योजना के अंतर्गत मजदूरों को 100 दिन की मजदूरी का प्रावधान होने के बावजूद मात्र 50.5 प्रतिशत मजदूरों को ही रोजगार उपलब्ध कराया गया, जो उस सरकार की नीतियों की विफलता को दर्शाता है। सांसद ने कहा कि वर्तमान एनडीए सरकार गरीब, मजदूर और किसान के हितों को सर्वोपरि रखते हुए मनरेगा योजना में व्यापक संशोधन करते हुए विकसित भारत - 'रामयोजना' के अंतर्गत अब 100 दिन की मजदूरी के स्थान पर 125 दिन की मजदूरी की गारंटी दी जाएगी। साथ ही यदि मजदूरों को 15 दिन के भीतर मजदूरी का भुगतान नहीं होता है, तो उन्हें बेरोजगारी भत्ता भी प्रदान किया जाएगा।



सांसद ने कहा कि विकसित भारत - राम योजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। इस योजना के माध्यम से विकसित ग्राम सभा, विकसित जिला, विकसित प्रदेश और विकसित राष्ट्र का निर्माण होगा। यही एनडीए सरकार और माननीय प्रधानमंत्री का संकल्प एवं सपना है।

इस अवसर कार्यक्रम में राम जियावन मौर्या प्रभारी महाराजगंज, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजेंद्र पांडे राजेंद्र त्रिपाठी, बजरंगी वर्मा, शिवेंद्र द्विवेदी प्रधान संघ अध्यक्ष खेसरहा, अनुपमा सिंह, मनीषा निषाद, जया निषाद, सुषमा मिश्रा, नंदनी कश्यप, प्रिंस शर्मा, अमरेन्द्र सिंह, दिग्विजय राय, गजेन्द्र राय, सतीष शुक्ला, मनीष श्रीवास्तव, विकास सिंह, राम किंकर मिश्रा, अनूप शुक्ल, उमेश पाण्डेय, सुनील तिवारी, अशोक सिंह राठौर, भगवान दास लोधी सुरेन्द्र पांडे, हंसराज प्रजापति, विक्रम शर्मा, संदीप निषाद, सदावृक्ष निषाद, विकास सिंह, शिव शक्ति शर्मा मंडल अध्यक्ष, सहित

स्थानीय जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, ग्राम प्रधान एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में गरीब मजबूर मजदूर को डुमरियागंज सांसद जगदंबिका पाल ने सैकड़ो से अधिक लोगों में कंबल वितरण किया गरीब कंबल पाकर सांसद का आभार व उत्साहपूर्ण एवं सकारात्मक वातावरण में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

## मतदान रैली निकालकर किया गया जागरुक

**मंत्र भारत संवाददाता**

सिद्धार्थनगर। जिले के शोहरतगढ़ तहसील परिसर में रविवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस मौके पर उपजिलाधिकारी शोहरतगढ़ विवेकानंद मिश्रा ने छात्रों एवं उपस्थित नागरिकों को मतदान की शपथ दिलाई और लोकतंत्र को मजबूत बनाने का संकल्प कराया।कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सेठ रामकुमार खेतान बालिका इण्टर कॉलेज शोहरतगढ़ की छात्राओं द्वारा निकाली गई मतदान जागरूकता रैली की अगुवाई स्वयं उपजिलाधिकारी शोहरतगढ़ विवेकानंद मिश्रा ने की।नगर पंचायत शोहरतगढ़ भ्रमण करने के बाद रैली पुनः शोहरतगढ़ तहसील परिसर पहुंची। रैली के दौरान लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और लोकतंत्र व मतदान के महत्व को समझने का संदेश दिया।इस अवसर पर उपजिलाधिकारी शोहरतगढ़ विवेकानंद मिश्रा ने कहा कि 18 वर्ष पूर्ण कर चुकी पात्र युवतियों को मतदाता बनने के लिए फॉर्म-6 भरने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मतदान केवल एक अधिकार नहीं, बल्कि लोकतंत्र को सशक्त बनाने की जिम्मेदारी भी है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे स्वयं मतदान करें और अपने मित्रों, परिचितों व परिवार के सदस्यों को भी निष्पक्ष और निर्भय होकर मतदान के लिए प्रेरित करें।रैली के दौरान 'माई इंडिया-माई वोट', 'निर्भय होकर मतदान करेंगे', 'वोट हमारा अधिकार है', 'मतदान करना है-अपना फर्ज निभाना है', 'लोकतंत्र को मजबूत बनाना है', 'भारत का उत्थान करना है' और 'आपका मत आपकी ताकत' जैसे नारों से कस्बा शोहरतगढ़ गूंज उठा। इस दौरान एसडीएम विवेकानंद मिश्रा,



तहसीलदार प्रकाश सिंह यादव, नायब तहसीलदार महबूब अंसारी, प्रधानाचार्या अंजू मिश्रा, सीपी सिंह, दुर्गेश, जयशंकर, विनीत, मनोज कुमार, लवकुश, हरीराम, श्रवण, जयंत कुमार, मेघश्याम गुप्ता, सत्यप्रकाश शुक्ला सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को मतदान के महत्व के प्रति जागरूक किया गया और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने का संदेश दिया गया।

# विधायक ने आवास पर सुनी समस्याएं शिक्षिकाओं ने सौंपा मांग पत्र

**मंत्र भारत संवाददाता**

सिद्धार्थनगर। जिले के शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा ने नगर पंचायत शोहरतगढ़ रविदास नगर स्थित आवास पर क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनीं और उनके शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा के आवास पहुंचे, जहां उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों से फोन पर वार्ता कर कई समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिए। शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा ने कहा कि शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र के समग्र विकास के लिए वे निरंतर प्रयासरत हैं।

उन्होंने बताया कि बढ़नी में 50 बेड का अस्पताल निर्माणाधीन है। इसके अलावा शोहरतगढ़ क्षेत्र में खेल स्टेडियम, अग्निशमन केंद्र, शादी घर, उपनिबंधक कार्यालय, मत्स्य मंडी, कई गांवों व चौराहों पर हाईमास्ट लाइट, सड़क निर्माण, अंत्येष्टि स्थल सहित अनेक विकास कार्य कराए जा रहे हैं, जिनमें से कई कार्य पूर्ण भी हो चुके हैं।जन चौपाल के दौरान बेसिक शिक्षा विभाग के विभिन्न विद्यालयों में कार्यरत शिक्षिकाओं ने विधायक विनय वर्मा को मांग पत्र सौंपकर स्थानांतरण सहित अन्य समस्याओं के समाधान की मांग की। विधायक विनय वर्मा ने उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया।इस दौरान रंजना निरंजन, ज्योति कांत वर्मा, ममता श्रीवास्तव, कामिनी गुप्ता, विनीता राठोर, विद्या भारती, अनीता, सरिता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



# सीओ ने मिशन शक्ति केंद्र का किया आकस्मिक निरीक्षण

**मंत्र भारत संवाददाता**

सिद्धार्थनगर। जिले में बांसी सर्किल में तैनात पुलिस क्षेत्राधिकारी द्वारा थाना खेसरहा पर स्थापित साइबर सेल व मिशन शक्ति केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया गया तथा एनसीआरपी पोर्टल व विभिन्न अभिलेखों/रजिस्टरों की गहन जांच कर उनके अद्यतन रख-रखाव के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक महाजन के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में रोहिणी यादव क्षेत्राधिकारी बांसी द्वारा थाना खेसरहा पर स्थापित साइबर सेल व मिशन शक्ति केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया गया तथा ेंइ पोर्टल व विभिन्न अभिलेखों/रजिस्टरों की गहन जांच कर उनके अद्यतन रख-रखाव के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।



# पुलिस और सर्विलांस की टीम ने मंदिर में हुई चोरी की घटना का किया खुलासा

**मंत्र भारत संवाददाता**

सिद्धार्थनगर। जिले में इटवा थाना क्षेत्र में स्थित मां वटवासिनी गालापुर मन्दिर की दानपेटी से अज्ञात चोरों द्वारा ताला तोड़कर चोरी को अंजाम दिया था। जिसके संबन्ध में थाना इटवा पर मु0अ0सं0 15/2026 धारा 303(2), 334(1) बीएनएस पंजीकृत किया गया था । डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद के भिन्न-भिन्न थानाक्षेत्रों में घटित हो रही नकबजनी/चोरी की घटनाओं के अनावरण व अभियुक्तों की गिरफ्तारी के संबन्ध में चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत, प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल पर्यवेक्षण में, पवीन प्रकाश क्षेत्राधिकारी इटवा के कुशल निर्देशन में, रवीन्द्र सिंह प्रभारी निरीक्षक इटवा के नेतृत्व में थाना इटवा पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत उपर्युक्त मुकदमा से सम्बन्धित सूरज यादव पुत्र रामकिशन निवासी लटेरा व राजेश वर्मा पुत्र जुगजोधन निवासी लटेरा अभियुक्तगण को ग्राम लटेरा थाना इटवा से गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी का लगभग ?3, 00, 000/- नगद बरामद किया गया तथा गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर उपरोक्त मुकदमा में धारा 317(2) बीएनएस की बढोत्तरी कर अन्य विधिक कार्यवाही में सर्विलांस प्रभारी उप निरीक्षक हरेन्द्र चौहान, उप निरीक्षक हेमराज वर्मा, उप निरीक्षक अनिल कुमार ओझा, हे का जनार्दन, हे का पुष्पेन्द्र, का अभिनन्दन सर्विलांस टीम, हे का उपेन्द्र निषाद, हे का राकेश पटेल का रुद्रप्रताप नायक, का0 नरेन्द्र देव चौहान, का विकाश ओझा, म0आ0 अल्का त्रिपाठी थाना की टीम ने अपर पुलिस अधीक्षक प्रशान्त कुमार प्रसाद ने बरामदगी व गिरफ्तारी का खुलासा किया।



किन्नर अखाड़ा की नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष का भव्य स्वागत, अभिनंदन

# किन्नर अखाडा का विस्तार करते हुए दूंगी मजबूती : कल्याणीनंद गिरि

**मंत्र भारत संवाददाता**

प्रयागराज। श्री चौरसिया ट्रस्ट बोर्ड प्रयागराज की ओर से माघ मेला सेक्टर- 4 में आज दाल, बाटी का कार्यक्रम का आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि किन्नर अखाडा की नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी कल्याणी नंद गिरी महाराज (छोटी मा) थी। श्री चौरसिया ट्रस्ट बोर्ड के पदाधिकारियों ने किन्नर अखाडा की नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी कल्याणी नंद गिरी महाराज (छोटी मा) का फूलमालाओं से भव्य स्वागत किया गया। नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी कल्याणी नंद गिरी महाराज (छोटी मा) ने भव्य अभिनंदन और स्वागत पर धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि जो भी मुझसे हो सकेगा वह चौरसिया समाज के लिए करूंगी। उन्होंने किन्नर अखाडा की आचार्य महामण्डलेश्वर प्रो (डा) लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी महराज का धन्यवाद ज्ञापित किया कि उन्होंने जो जिम्मेदारी सौपी है उसका निर्वहन करते हुए किन्नर अखाडा को विस्तार देते हुए मजबूती प्रदान करूंगी। इस दौरान भोला चौरसिया, बद्री चौरसिया महामंत्री, संजय कुमार चौरसिया कोषाध्यक्ष, अनुग्रह नारायण चौरसिया, मिलन चौरसिया, जयकिशन चौरसिया, प्रदीप चौरसिया, अनूप चौरसिया, पिंटू चौरसिया, कुलदीप चौरसिया, दिलीप चौरसिया, अजय चौरसिया सहित बडी संख्या में लोगो ने भव्य स्वागत करते हुए कहा कि इससे चौरसिया समाज को समाज में सम्मान और नयी ऊचाई मिलेगी।








































## सम्पादकीय

# मणिपुर में शांति की लौ जली ही थी, एक हत्या ने फिर बढ़ा दी आग, वारदात ने सब बदल दिया

पिछले कुछ समय से मणिपुर में जिस तरह हालात थोड़े काबू में दिख रहे हैं, उसके मद्देनजर यह उम्मीद स्वाभाविक है कि अब शायद वहां शांति और स्थिरता लौट सकेगी। मगर बुधवार को एक व्यक्ति की हत्या के बाद फिर से शांति की उम्मीद के धुंधलाने की आशंका खड़ी हो गई है। गौरतलब है कि मणिपुर के अशांत चुराचांदपुर जिले में कुछ संदिग्ध उग्रवादियों ने मैतेई समुदाय के एक व्यक्ति को अगवा कर लिया, फिर गोली मार कर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद उस इलाके में तनाव फिर बढ़ गया। गुरुवार को हत्या के विरोध में काकचिंग खुन्नौ लामखाई क्षेत्र में लोगों ने उग्र प्रदर्शन किया और वाहनों की आवाजाही बाधित कर दी। जाहिर है, काफी जद्दोजहद के बाद राज्य में जो हालात थोड़े नियंत्रण में आते दिख रहे थे, उसके फिर बिगड़ने की स्थिति बन रही है।

खबरों के मुताबिक, काकचिंग जिले के एक मैतेई युवक की शादी चुराचांदपुर की कुकी जनजाति की युवती से हुई थी। स्थानीय समूहों ने युवक को पत्नी के साथ रहने की इजाजत दे दी थी। मगर इसके बाद अचानक ही कुछ लोगों ने अगवा कर युवक की हत्या कर दी। अपहरणकर्ताओं के एक उग्रवादी कुकी समूह से जुड़े होने का संदेह है।

हालांकि इस घटना की जांच का जिम्मा एनआइए को दे दिया गया है और निष्कर्ष आने के बाद ही हकीकत सामने आएगी। मगर हत्या के पीछे उन तत्त्वों का हाथ होने की आशंका है, जो नहीं चाहते कि राज्य में शांति फिर से पटरी पर लौटे। आपस में दो विरोधी समुदायों के युवक-युवती की शादी के बाद जब स्थानीय समूहों ने दोनों को साथ रहने की अनुमति दे दी थी, तो यह पहल सामुदायिक स्तर पर भी सद्भाव की वापसी की एक कड़ी बन सकती थी। इसके बाद दोनों समुदायों के बीच सहमति आधारित समाधान की राह की तलाश करने में मदद मिल सकती थी। मगर वे कौन लोग हैं, जिन्हें इस पर आपत्ति हुई और उन्होंने अपहरण करके युवक की हत्या कर दी?

साफ है कि इस घटना को अंजाम देने वालों का मकसद फिर से दोनों समुदायों के बीच अशांति और हिंसा को भड़काना है। निश्चित रूप से एक व्यक्ति की हत्या भी बेहद दुखद है, लेकिन फिलहाल जरूरत इस बात की है कि किसी भी घटना को अशांति पैदा करने का कारण न बनने दिया जाए। मणिपुर में मैतेई समुदाय को जनजातीय दर्जा देने के मसले पर मई, 2023 में कुकी-जो समुदाय के साथ जो टकराव पैदा हुआ था, उसमें अब तक ढाई सौ से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं और हजारों परिवार बेघर हुए। लगातार हिंसा और अराजकता में पिछले कुछ समय से थोड़ी कमी देखी जा रही है, मगर जमीन पर दोनों समुदायों के बीच विभाजन की स्थिति अभी भी बनी हुई है।

इसे पाटने के लिए सरकार को हर उस पहल का समर्थन करना चाहिए और कुकी तथा मैतेई समुदाय के बीच समझौते की स्थितियों का निर्माण करना चाहिए, जिससे राज्य में शांति कायम हो सके। इस क्रम मंघ केंद्र सरकार, मणिपुर सरकार और कई कुकी-जो संगठनों के बीच एसओओ यानी 'सस्पेंशन आफ आपरेशन्स' समझौता हुआ था, जिसका मकसद उग्रवादी समूहों के साथ राजनीतिक संवाद शुरू करना और हिंसा को समाप्त करना है। मगर अब भी कुछ समूह इससे बाहर हैं। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि मणिपुर में स्थिति फिलहाल नियंत्रण में जरूर दिख रही है और इसके सहारे शांति की उम्मीद की जा सकती है, लेकिन इस स्थिति में अगर निरंतरता नहीं बनी रही, तो एक छोटी चिंगारी भी हिंसा की आग को फिर से भड़का सकती है।



# अमेरिकी शुल्क, वैश्विक संकट और अनिश्चितता के बीच क्यों दौड़ती दिख रही है भारत की अर्थव्यवस्था?

वैश्विक चुनौतियों, अनिश्चितताओं और अमेरिकी शुल्क के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत दिखाई दे रही है। पिछले कुछ दिनों से भारतीय अर्थव्यवस्था पर प्रकाशित अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय रपटों में यह बात उभरकर सामने आई है। इस समय देश पर अमेरिका के पचास फीसद शुल्क की वजह से निर्यात कारोबार प्रभावित हो रहा है, इसके बावजूद वर्ष 2026 में भी देश के विकास की रफ्तार बने रहने की संभावनाएं जताई जा रही हैं। खासतौर से देश में ब्याज दर में कटौती, कच्चे तेल की कीमतों में कमी और महंगाई घटने की जो प्रबल संभावनाएं दिखाई दे रही हैं, उनसे आम आदमी, बाजार और अर्थव्यवस्था बेहतर होने की उम्मीद है। आइआइएफएल कैपिटल की हाल की एक रपट के मुताबिक, आरबीआइ वर्ष 2026 में ब्याज दरों में 0.50 फीसद की और कटौती कर सकता है। साथ ही कच्चे तेल की कीमतें भी कम हो सकती हैं। इसी तरह एसबीआइ रिसर्च की हालिया रपट में कच्चे तेल की कीमतों के जून 2026 तक पचास डालर प्रति बैरल के स्तर पर पहुंचने का अनुमान है। ऐसे में सस्ते तेल से महंगाई 3.5 फीसद से नीचे आ सकती है और विकास दर भी 7.45 फीसद तक पहुंच सकती है।

वैश्विक रेटिंग एजंसी मूडीज ने अपनी ताजा रपट में कहा कि चालू वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की विकास दर 7.3 फीसद रहेगी। इससे पहले 14 जनवरी को प्रकाशित विश्व बैंक की 'ग्लोबल इकोनामिक प्रास्पेक्ट्स' रपट में कहा गया कि वैश्विक चुनौतियों के बीच भी भारत सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा। विश्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर के पूर्व अनुमान 6.3 फीसद को बढ़ाकर 7.2 फीसद कर दिया है।

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आइएमएफ) की रपट में कहा गया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूती के साथ आगे बढ़ रही है और भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए विकास का एक प्रमुख इंजन बना हुआ है। इसी तरह संयुक्त राष्ट्र ने हाल में वैश्विक अर्थव्यवस्था पर प्रकाशित रपट में अमेरिकी शुल्क की चुनौती के बीच भारत की मजबूत घरेलू मांग के आधार पर देश की अर्थव्यवस्था के बढ़ने का अनुमान जताया है। इन सबके बीच वर्ष 2028 तक अमेरिका और चीन के बाद भारत के दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाने की उम्मीद की जा रही है।

वैश्विक परामर्श कंपनी बीसीजी की 'ग्लोबल कंज्यूमर रडार' रपट के अनुसार, भारतीय उपभोक्ता मौजूदा आर्थिक मंदी और भू-राजनीतिक संघर्षों से अप्रभावित हैं और भारत 2026 में दुनिया का सबसे आशावादी उपभोक्ता बाजार दिखाई देगा। ऐसे में भारतीय उपभोक्ताओं को महंगाई घटने और ब्याज दरों में कमी से खरीदारी के लिए नई शक्ति मिल सकती है।

पिछले माह, यानी दिसंबर, 2025 में आरबीआइ की ओर से मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में रेपो दर में की गई कटौती के बाद रेपो दर अब 5.25 फीसद हो गई है। यह बात भी महत्त्वपूर्ण है कि खाद्यान्न के रेकार्ड उत्पादन और अच्छे मानसून के बाद कृषि तथा औद्योगिक क्षेत्रों को मिली अनुकूलता से आगामी महीनों में महंगाई में और कमी आने की उम्मीद है। वर्ष 2024-25 में देश में 35.77 करोड़ टन खाद्यान्न का उत्पादन हुआ है। इससे लोगों की क्रय शक्ति बढ़ेगी और ग्रामीण बाजार को मजबूती मिलेगी।

मार्च 2025 से भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते को लेकर सातवें दौर की वार्ता हुई है, लेकिन अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के लिए बार-बार वार्ता के लक्ष्य बदले हैं। शुरुआत में ट्रंप ने कहा कि भारत को अमेरिका से अधिक खरीद कर व्यापार घाटे को कम करना चाहिए। साथ ही भारत के डेयरी और कृषि क्षेत्र को अमेरिका के लिए खोलने की मांग भी उठाई।

उसके बाद वे रूसी तेल पर केंद्रित हो गए और पिछले दिनों यह कहकर दबाव बनाने की कोशिश की गई कि भारत की नीतियों से अमेरिका संतुष्ट नहीं है। ऐसे में अमेरिका के बाजार में प्रभावित होने वाले निर्यात की भरपाई के लिए भारत को तेजी से नई वैकल्पिक व्यवस्था स्थापित करनी होगी। हालांकि वैश्विक व्यापार की चुनौतियों के बीच भारत से निर्यात बढ़ाना कोई सरल काम नहीं है।

एक ओर भारत को द्विपक्षीय एवं मुक्त व्यापार समझौतों के तहत निर्यात बढ़ाने होंगे, वहीं नए निर्यात बाजार भी तलाशने होंगे। इसमें दोराय नहीं कि भारत की ओर से ब्रिटेन, ओमान और न्यूजीलैंड के साथ किए गए मुक्त व्यापार समझौतों का वित्त वर्ष 2026 में कार्यान्वयन अहम होगा। साथ ही इस वर्ष पेरू, चिली, आसियान, मैक्सिको, कनाडा, दक्षिण अफ्रीका और इजराइल सहित अन्य प्रमुख देशों के साथ भी इसी तरह के समझौते आकार ले सकते हैं।

हाल में जर्मनी के चांसलर की दो दिवसीय भारत यात्रा ने यूरोपीय संघ के साथ भारत के मुक्त व्यापार समझौते के जल्द सिरे चढ़ने की उम्मीदें बढ़ा दी हैं। यह भी महत्त्वपूर्ण है कि भारत की ओर से विभिन्न देशों के साथ किए गए समझौतों से भारतीय पेशेवरों के लिए वैश्विक अवसर खुलेंगे।

इस बात को भी ध्यान में रखना होगा कि निर्यात को गति देने के लिए संरचनात्मक सुधार भी जरूरी हैं। निर्यातकों की दिक्कतें केवल शुल्क वृद्धि तक सीमित नहीं हैं, बल्कि एंटी-डंपिंग शुल्क से भी जुड़ी हैं। चालू वित्त वर्ष 2025-26 में ऋण स्थगन की सुविधा का कम प्रयोग किए जाने के बाद इसे वर्ष 2026-27 में बढ़ाया जाना लाभप्रद होगा।

निर्यात बढ़ाने के लिए सभी राज्यों में मान्यता प्राप्त आधुनिक प्रयोगशालाएं भी जरूरी हैं। अब निर्यात बढ़ाने के लिए बाजार तक पहुंच के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण उत्पादन, कम ऊर्जा लागत, अधोसंरचना और गंतव्य निर्यात बाजारों के साथ नियामकीय समन्वय स्थापित किया जाना भी आवश्यक है। भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से भी अमेरिकी शुल्क से प्रभावित निर्यातकों के लिए राहत के नए कदम उठाने का प्रयास करना होगा।


निश्चित रूप से वर्ष 2026 में भारत के लिए बेहतर आर्थिक संभावनाएं हैं, लेकिन मजबूत आर्थिक गति को बनाए रखने के लिए वैश्विक अनिश्चितता के बीच घरेलू खपत बढ़ाने, रोजगार सृजन और राजकोषीय घाटे पर नियंत्रण के साथ आर्थिक सुधारों की डगर पर आगे बढ़ना होगा। इन सुधारों में नई पीढ़ी-अगली पीढ़ी के सुधार, जीवन में आसानी, कारोबार सुगमता, बुनियादी ढांचा सुधार, प्रशासन को सशक्त बनाने और अर्थव्यवस्था को मजबूती देने संबंधी सुधार शामिल हैं।

साथ ही कृषि, बैंकिंग, परिवहन एवं दूरसंचार, बिजली, परमाणु ऊर्जा, अंतरिक्ष, रक्षा, पेट्रोलियम, कोयला और अन्य खनिज क्षेत्र में सुधारों पर भी काम करना होगा। उम्मीद की जानी चाहिए कि सरकार वर्ष 2026 में विश्व बैंक की वित्तीय क्षेत्र आकलन समिति की उस रपट को अवश्य ध्यान में रखेगी, जिसमें कहा गया है कि भारत में उद्योग-कारोबार के मजबूत विकास के लिए आर्थिक-वित्तीय क्षेत्र में तेज सुधारों के साथ निजी पूंजी जुटाने को बढ़ावा देने की जरूरत होगी।

माना जा रहा है कि देश में आने वाले दिनों में महंगाई कम रहेगी, निर्माण और विनिर्माण गतिविधियां मजबूत होंगी, निजी क्षेत्र की आर्थिक स्थिति दमदार रहेगी।

# इफको फूलपुर : किसानों के प्रति समर्पित संस्था

इफको, उर्वरकों के उत्पादन और



वितरण पर केंद्रित एक बहु-राज्य सहकारी समिति है, जिसकी स्थापना 1967 में 57 भारतीय सहकारी समितियों द्वारा भारतीय किसानों की आजीविका में सुधार लाने और देश की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लक्ष्य के साथ की गई थी। आज भारत भर में 35,600 से अधिक सहकारी समितियों के माध्यम से, इफको सीधे 5 करोड़ से अधिक किसानों को सेवा प्रदान करता है। पिछले 5 वर्षों में, इफको ने उच्च गुणवत्ता वाले कृषि इनपुट और विशेषज्ञ तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान करके लगातार किसानों की जरूरतों को पूरा किया है, जिससे उन्हें उनकी खेती की यात्रा के हर चरण में सशक्त बनाया गया है।

हर साल, इफको पूरे भारत में लगभग 95 लाख मीट्रिक टनपारंपरिक उर्वरकों का उत्पादन करता है। जो देश के फ़ॉस्फ़ेटिक फ़र्टिलाइज़र का लगभग 32इ और नाइट्रोजन वाले फ़र्टिलाइज़र का 21इ हिस्सा है। इस वित्त वर्ष में, इफकोने अपनी पांच इकाईयों में पहले ही 69.53 लाख श्ऊ फर्टिलाइजर का उत्पादन किया है। इफकोके पास इंडियन पोटाश लिमिटेड में 34इशेयरहोल्डिंग है। पिछले साल 110 लाख श्ऊ से ज्यादा पारंपरिक उर्वकों की बिक्री हुई है।

इफकोनैनो उर्वरक तकनीकी में वैश्विक अग्रज के तौर पर उभरा है, जिसने नैनो यूरिया प्लस (20इ नाइट्रोजन), नैनो डीएपी,जैसे इनोवेटिव उत्पाद तथा नैनो कॉपर, नैनो जिंक जैसेउन्नत उत्पाद भी लॉन्च किए गए हैं।नैनो फर्टिलाइज़र की बिक्री साल 2024-25 में 364 लाख बोतलों केसर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गई और इस साल (अप्रैल - दिसंबर 2025) में 229.55 लाख बोतलों की बिक्री हुई।

इफको ने ओमान, जॉर्डन, सेनेगल और दुबई में संयुक्त उद्यमों के माध्यम से वैश्विक उपस्थिति का विस्तार किया है। जिससे वैश्विक उर्वरक क्षेत्र में भारत की मौजूदगी और मजबूत हुई है। यह बहुत गर्व की बात है कि हमारे संयुक्त उद्यम के ज़रिए जून 2026 तक ब्राज़ील में एक नैनो फर्टिलाइज़र बनाने का प्लांट चालू हो जाएगा।

सहकारिता मंत्रालय की देखरेख में, और माननीय श्री अमित शाह जी के नेतृत्व में, साथ ही माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी मार्गदर्शन में, इफको 'सहकार से समृद्धि,' 'आत्मनिर्भर भारत,' और 'आत्मनिर्भर कृषि' के राष्ट्रीय विज़न के साथ पूरी तरह से जुड़ा हुआ है।इफकोकेऑर्टिफिशयल इंटेलिजेंस आधारित किसान ड्रोन ने नैनो फर्टिलाइज़र का सटीक छिड़काव करके, उत्पादकता बढ़ाकर, लागत कम करके और ग्रामीण उद्यमियों को मज़बूत बनाकर फर्टिलाइज़र के क्षेत्र में क्रांति ला दी है। नमो ड्रोन दीदी पहल के तहत, ग्रामीण ड्रोन उद्यम के विकास के साथ-साथ महिला किसानों को ड्रोन तकनीकी का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

शुरूआत से अब तक (1981) इफको फूलपुर इकाई ने 536.6 लाख श्ऊ से ज़्यादा यूरिया उर्वरक का उत्पादन किया है, जो राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा में अहम योगदान देता है। वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान, फूलपुरइकाई19.0 लाख श्ऊ से ज़्यादा नीम कोटेड यूरिया का उत्पादन करेगी। चालू वित्त वर्ष में इफको फूलपुर इकाई नैनौ यूरिया प्लस का उत्पादन 42.57 लाख बोतलों (हर एक 500 स्त) तक पहुँच गया है, जो लगभग 1.91 लाख मीट्रिक टन परंपरिक यूरिया के बराबर है, जो नेक्स्ट-जेनरेशन फर्टिलाइज़र सॉल्यूशंस में इसकी लीडरशिप दिखाता है। इफको फूलपुर इकाई ने साल 2025-26 में नैनो डीएपी तरलका उत्पादन भी शुरू किया और अब तक 5.56 लाख बोतलें बनाई जा चुकी हैं, जिसने28,000 हज़ार श्ऊ पारंपरिक डीएपीकी जगह असरदार तरीके से ले ली है।

प्रबंध निदेशक श्री के.जे.पटेल व इफको अध्यक्ष श्री दिलीप संघानी का कुशल मार्गदर्शन व नेतृत्व हमें प्रेरणा देता है। प्रबंध निदेशक श्री के.जे.पटेल ने 18 से 20 दिसंबर 2025 तक फूलपुर इकाई के अपने प्रथम आधिकारिक दौरे के दौरान; उन्होंने कई नई स्कीम का उद्घाटन कियार। फूलपुरसंयंत्र, नैनोऔर कोरडेटका दौरा किया। इसके अलावा उन्होंने कोरडेटमें 'किसान संगोष्ठी' की और यूनियन, एसोसिएशन और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक किया।

इफको फूलपुर ने कई कैपिटल प्रोजेक्ट पूरे किए हैं, जैसे अमोनिया-छ प्लांट कूलिंग टावर का सुधार, यूटिलिटी बॉयलर्स का चिमनी इंटर-कनेक्शन, अमोनिया-2 में एडिशनल कूलिंग टावर सेल बनाना और अमोनिया-2 और 2 कूलिंग टावर में मौजूदा सेल का सुधार।टाउनशिप की सुरक्षा के लिए CCTV कैमरे लगाए जा रहे हैं जो कुछ हद तक चालू हो गए हैं।

इफकोफूलपुर इकाई को उत्पादन, ऊर्जा संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण और सुरक्षा के क्षेत्र में हर साल विभिन्न संस्थानों से प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। वर्ष 2025-26 में निम्नलिखित पुरस्कार प्राप्त हुए हैः

**CII अवार्ड्सः** भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा फूलपुर-छइकाई को ऊर्जा प्रबंधन में उत्कृष्टता के लिए 26वें राष्ट्रीय अवार्ड -2025 में 'उत्कृष्ट ऊर्जा कुशल इकाई' के तौर पर अवार्ड दिया गया है।

फूलपुर-2 इकाई को लगातार तीन वर्षों तक ऊर्जा प्रबंधन में निरंतर और प्रगतिशील प्रदर्शन के लिए 'राष्ट्रीय ऊर्जा नेतृत्व' के रूप में भी मान्यता दी गई है।

**सेफ्टी अवार्डः** इफको फूलपुर इकाई को वर्ष 2022-2024 के दौरान व्यावसायिक सुरक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में सराहनीय उपलब्धि के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद का सर्टिफिकेट ऑफ़ मेरिट पुरस्कार प्रदान किया गया है।

**ब्रिटिश सेफ्टी काउंसिलः** इफको फूलपुर इकाई को 29 मई 2025 को मुंबई में ब्रिटिश सेफ्टी काउंसिल द्वारा 2024 के दौरान अच्छे स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रबंधन के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता प्रदर्शित करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा पुरस्कार-2025 से सम्मानित किया गया है।

**पर्यावरणः** ग्रो केयर इंडिया की ओर से पर्यावरण प्रबंधन के लिए 'गोल्ड अवार्ड'प्राप्त हुआ।

इफको ग्रामीण भारत की प्रगति के माध्यम से सफलता को मापता है, महिलाओं को सशक्त बनाने और किसानों को शिक्षित करने पर ध्यान केंद्रित करता है। इसकी फूलपुर इकाई यूरिया उत्पादन से आगे बढ़कर कोआपरेटिव रूरल डेपलपमेंट ट्रस्ट के माध्यम से किसानों को सक्रिय रूप से सहायता प्रदान करती है। मोतीलाल नेहरू फार्मर्स ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट किसानों को आधुनिक तकनीकों के बारे में शिक्षित करता है, और स्थानीय रूप से प्राप्त नीम के बीजों का उपयोग करके तरल जैव-उर्वरक और नीम-लेपित यूरिया का उत्पादन करता है, नीम तेल के उत्पादन में लोकल नीम के बीजों का इस्तेमाल किया जाता है।

फूलपुर इकाई केन्द्रीय विद्यालय कल्याण कार्यक्रम, आईआरडीपी, महिला चेतना क्लब और ओम कल्याण समिति जैसी पहलों के माध्यम से सामुदायिक विकास में सहायक है। स्वच्छता सुविधाएँ, हैंडपंप और सौर लाइटें स्थापित करना, आवश्यक वस्तुओं का वितरण, स्वास्थ्यशिविर आयोजित करना और शिक्षा के साथ यूनिफार्म और कक्षाओं के संचालन में सहयोग इत्यादि।

देश और उसके किसानों की सेवा के लिए समर्पित, इफको फूलपुर इकाई का उद्देश्य कृषि उत्पादकता को बढ़ाना, सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करना और कृषक समुदाय के लिए जीवन की समग्र गुणवत्ता में सुधार करना है। इफकोभारत की खेती की तरक्की और गांव की खुशहाली में मदद करने में अहम भूमिका निभा रहा है।

# क्या नोएडा के युवा इंजीनियर युवराज की मौत से सिस्टम लेगा सबक?

नोएडा के युवा साफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता की मौत ने देश के सिस्टम में व्याप्त लापरवाही पूर्ण सोच व खामियों की एकबार फिर से पोल खोलने का कार्य कर दिया है। दुर्घटना के बाद किसी के घर का चिराग सिस्टम की लापरवाही से पूरी वीरता से लड़ते हुए कुंभकर्णी नींद में सो रहे सिस्टम को जगाने के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर गया है। इस हृदयविदारक घटना के बाद से ही उत्तर प्रदेश के सिस्टम में हड़कंप मचा हुआ है, जिसके चलते ही तत्काल नोएडा प्राधिकरण ने इस घटना की जांच कराने की घोषणा कर दी थी और प्रारंभिक जांच के आधार पर अपनी गाज गिराते हुए एक इंजीनियर की नौकरी से समाप्ति तक की कार्रवाई कर दी, वहीं युवराज के पिता ने भी एफआईआर दर्ज करवाई है, और नोएडा प्रशासन ने भी दो लापरवाह बिल्डरों के खिलाफ़ एफ़आईआर दर्ज करवाई है, जिस पर पुलिस जांच करके आगे की कार्रवाई करेगी। वहीं इस दुखद घटना का उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को संज्ञान लेते हुए तीन सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन करते पांच दिन में जांच रिपोर्ट तलब करने आदेश दिए हैं, एसआईटी के गठन के तुरंत बाद ही नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम. (आईएएस) को हटा कर प्रतिक्षा सूची में रख दिया गया है।

लेकिन इस घटना के बाद लगता है कि ऐसी भयंकर लापरवाही वाली स्थिति में क्या कभी भारत को विश्वगुरु बनाया जा सकता है। हमें ध्यान रखना चाहिए कि भारत को विश्वगुरु बनाने के सपना को धरातल पर साकार होते हुए देखना हर देशभक्त भारतीय का अपना सपना है। लेकिन देश के सिस्टम में बैठे हुए कुछ लोगों का लापरवाही पूर्ण व भ्रष्टाचार युक्त आचरण इस में सबसे बड़ा बाधक है, अगर ऐसा ही चलता रहा तो यह सपना धरातल पर कैसे मूर्तरूप लेगा, यह एक बड़ा सवाल हर देशभक्त भारतीय के जहन में अक्सर घूमता रहता है। नोएडा में सिस्टम में बैठे कुछ लोगों की लापरवाही का एक उदाहरण शुक्रवार की रात नोएडा में हुई एक कार दुर्घटना के बाद देखने को मिला, जिस तरह से नोएडा में दिलो-दिमाग को झकझोर देने वाली दर्दनाक घटना घटित हुई, उसने दुनिया में हमें उपहास का पात्र बना दिया है, क्योंकि देश एक तरफ़ तो चंद्रमा व मंगल तक अंतरिक्ष की ऊंचाई को छूने का कार्य कर रहा है, वहीं सागर की गहराइयों को चीरते हुए तल तक जा रहा है, लेकिन सिस्टम को बचाव का पूरा समय मिलने के बावजूद भी सिस्टम में बैठे हुए कुछ लोगों की अनिर्णय की स्थिति या लापरवाही के चलते देश के भविष्य 27 वर्षीय युवा इंजीनियर को जमीन पर भी नहीं बचा पा रहा है, जो ठीक नहीं है। यहां आपको बता दें कि इंजीनियर युवराज मेहता की शुक्रवार की रात 12:05 पर अनियंत्रित कार नोएडा में दुर्घटना के बाद एक नाले की दीवार को तोड़ते हुए बिल्डर के द्वारा बेसमेंट के लिए खोदकर छोड़े गए गहरे गड्ढे में गिर गई थी और समय रहते ही युवराज ने फोन करके 12.25 बजे घटना स्थल के पास ही स्थित अपने घर पर पिता को अपने साथ हुई दुर्घटना की जानकारी दी थी। जिसके बाद युवराज के पिता ने भी पुलिस को समय रहते हुए अवगत करा दिया था। सूत्रों के अनुसार 12.41 पर कंट्रोल रूम से कोतवाली प्रभारी के पास फोन आया था, जिसके चलते ही घटनास्थल पर कुछ समय के बाद ही 12.50 पर पुलिस फोर्स और दमकल कर्मी और 1.15 पर एसडीआरएफ की टीम पहुंच गयी थी। युवराज की जान बचाने के लिए सिस्टम ने प्रयास भी शुरू कर दिए थे, लेकिन अफसोस ना जाने क्यों वहां मौजूद सिस्टम विफल रहा और 1.45 पर बेसमेंट में भरे पानी में युवा इंजीनियर युवराज कार समेत डूब गया। 1.55 बजे गाजियाबाद से एनडीआरएफ टीम घटनास्थल पर पहुंची थी, लेकिन शायद जबतक युवराज को काल ने अपना ग्रास बना लिया था, जिसके बाद युवराज की तलाश शुरू हुई, 4.30 बजे युवराज के शरीर को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसे डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

जिसके बाद देशवासी हतप्रभ हैं कि इक्कीसवीं सदी के आधुनिक भारत में आखिर ऐसे कैसे काम चलेगा। मृतक के पिता के आरोप, मीडिया की रिपोर्ट व सूत्रों के अनुसार 27 वर्षीय युवा इंजीनियर युवराज ने कड़ाके की ठंड में जान बचाने की एक लंबी जद्दोजहद के दौरान डूबने से पहले कार की छत पर अपने पिता, सिस्टम के लोगों व अन्य लोगों के सामने लगभग 80-90 मिनट तक पूरे हौसले के साथ संघर्ष किया था। जबकि युवराज को बचाने के लिए पुलिस, दमकल विभाग और स्टेट डिजास्टर रिस्पॉन्स फोर्स की टीमें समय रहते मौकें पर मौजूद थी, लेकिन अफसोस तीनों विभाग की टीम भी मिलकर युवराज को नहीं बचा पायी। जिसके बाद से पिता व प्रत्यक्षदर्शियों के आरोप हैं कि कुछ महत्वपूर्ण संसाधनों के अभाव और बचाव टीम के कड़ाके की ठंड के चलते उचित प्रयासों के अभाव के चलते ही युवा युवराज की जान बचाने में विफलता हाथ लगी है, जिसकी सत्यता का एसआईटी की जांच में जल्द ही खुलासा हो जायेगा। मुख्यमंत्री योगी के द्वारा गठित एसआईटी की जांच रिपोर्ट आने के बाद पुलिस व प्रशासन के अन्य लोगों पर गाज गिरनी तय है।



लेकिन अब इक्कीसवीं सदी के आधुनिक शक्तिशाली भारत के हुक्मरानों व सिस्टम के सामने विचारणीय तथ्य यह है कि देश के दिल राजधानी दिल्ली से सटे क्षेत्र में नोएडा में डूबने से पहले कार की छत पर 80-90 मिनट तक एक 27 वर्षीय युवा जान बचाने के लिए संघर्ष करता रहता है और वहीं उस युवा को बचावकर्मियों की लगभग 80 कर्मियों की एक लंबी चौड़ी टीम मिलकर भी नहीं बचा पाए, यह स्थिति बेहद ही चिंताजनक व विचारणीय है। कार दुर्घटना के बाद डूबकर जान गंवाने वाले सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता की यह कहानी दिल को झकझोर देने वाली और बेहद दर्दनाक है कि कैसे 27 वर्षीय युवराज मेहता ने खुद को अंतिम समय तक बचाने की भरसक कोशिश की थी, उसने दुर्घटना के बाद भी जबरदस्त हिम्मत से काम लिया। पानी से भरे गहरे गड्ढे में गिरने के बाद भी वह कड़ाके की ठंड में संघर्ष करते हुए कार की छत पर चढ़ने में कामयाब रहा था, उसके बाद अपने पिता को फोन करके हादसे की सूचना दी थी और डूबने से पहले युवराज जान बचाने की उम्मीद में लगभग 80-90 मिनट तक कार की छत पर खड़े होकर के वहां उपस्थित पिता व सिस्टम के लोगों से जल्दी जान बचाने की गुहार लगाता रहा, जो स्थिति बहुत ही हृदयविदारक थी। सूत्रों के अनुसार उस वक्त तक पुलिस, दमकल कर्मी व एसडीआरएफ की बचाव टीम मौके पर थी, एक बेबस लाचार पिता अपने घर के चिराग को बचाने के लिए सिस्टम से गुहार लगा रहा था, लेकिन अफसोस करीब 80 कर्मचारी मिलकर भी युवराज की जान नहीं बचा पाए। बाद में बचाव अभियान के असफल होने के कई कारण चर्चाओं में हैं उस दिन कोहरा बहुत ज्यादा ही था, जो बात एकदम सत्य है, जिसके चलते घटना स्थल पर बहुत ज्यादा अंधेरा था, बचाव कर्मियों के पास घटनास्थल पर उपलब्ध रस्सियों-सीढ़ियों की लंबाई कम थी, जिसके चलते युवराज तक बचाव कर्मी पहुंचने में विफल रहे और बाद में स्थल पर नेशनल डिजास्टर रिस्पॉन्स फोर्स के पहुंचने के बाद ही युवराज के शव को बाहर निकाला गया।

युवराज के पिता, दोस्तों और मौके पर उपस्थित लोगों का आरोप है कि इस घटना ने वहां पर उपस्थित पुलिस, दमकल और एसडीआरएफ की टीम के पास संसाधनों की कमी, कर्मियों की लापरवाही और मानवीय संवेदनहीनता को देशवासियों के सामने लाने का कार्य किया है 80 लोगों की भारी-भरकम ट्रेंड टीम के किसी एक भी सदस्य ने बेसमेंट के ठंडे पानी में उतरकर के युवराज की जान बचाने का साहस तक नहीं जुटाया, वहीं सूत्रों के अनुसार एक राह चलते हुआ अनट्रेंड डिलीवरी देने वाला युवक रस्सी बांध कर कड़ाके की ठंड में बेसमेंट के सरियों की चिंता किये बिना पानी में उतर गया था, उसने युवराज तक पहुंचने का प्रयास किया था, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। वहीं अफसोस घटनास्थल पर उपस्थित पुलिस, दमकल व एसडीआरएफ के पास इस आपदा से निपटने के संसाधन कम पड़ गए थे, जिसके चलते देश का भविष्य एक 27 वर्षीय युवा साफ्टवेयर इंजीनियर युवराज जनमानस के जहन में अनेक सवाल छोड़ते हुए दुनिया को अलविदा कह गया, एक घर का चिराग संघर्ष करते हुए बुझ गया। लेकिन जिस तरह से इस पूरे मामले का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान लिया उससे लगता है कि इस मामले में अभी बहुत सारे लोगों पर गाज गिरनी तय है।

हालांकि उससे अब युवराज तो वापस आना वाला नहीं है, लेकिन एक आम देशवासी के नाते हम लोग यह उम्मीद करते हैं कि इस तरह की घटना से सिस्टम भविष्य में सबक अवश्य लें, ऐसी भयंकर लापरवाही देश में फिर कभी किसी के घर का चिराग ना बुझे, देश के हुक्मरान व सिस्टम पूरे देश में एक ऐसा आधुनिक संसाधनों युक्त कारगर सरकारी तंत्र अवश्य विकसित कर लें जो एक-एक जान की अहमियत अवश्य समझें।

# निर्माणाधीन मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय सहित छात्रावास व मल्टीपरपज हाल का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

**मंत्र भारत संवाददाता**

भदोही। मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी परियोजना के अंतर्गत विकास खंड औराई के गिर्दबडगांव में निर्माणाधीन मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय का जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता एवं समयबद्धता का गहन अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके साथ ही विद्यालय के बगल में निर्माणाधीन कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास एवं मल्टीपरपज हाल का भी निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के समय जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि गिर्दबडगांव औराई में वर्तमान में पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज के बगल निर्माणाधीन मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय की भौतिक प्रगति लगभग 43 प्रतिशत है। यह विद्यालय अंतरराष्ट्रीय स्तर की शैक्षिक सुविधाओं से युक्त होगा, जिसमें आगामी शैक्षिक सत्र से प्ले स्कूल से लेकर इंटरमीडिएट तक की कक्षाओं में प्रवेश प्रारंभ किए जाने की योजना है। जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन विद्यालय के क्लासरूम, प्रयोगशालाओं (लैबोरेट्री), पुस्तकालय, प्रशासनिक भवन सहित अन्य आधारभूत शैक्षिक संरचनाओं का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय सरकार की एक दूरदर्शी पहल है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को भी शहरी एवं अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए तथा कार्य को निर्धारित समयसीमा मंज पूर्ण किया जाए।



इसके उपरांत जिलाधिकारी ने कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण सामग्री की गुणवत्ता की स्वयं जांच की। सीलपैक सीमेंट की बोरियों को खुलवाकर परीक्षण कराया गया, जो मानक के अनुरूप एवं संतोषजनक पाई गई। जिलाधिकारी ने कहा कि बालिकाओं के आवासीय सुविधाओं से जुड़े निर्माण कार्यों में विशेष सतर्कता और गुणवत्ता सुनिश्चित की जानी चाहिए, ताकि छात्राओं को सुरक्षित एवं सुविधाजनक वातावरण प्राप्त हो सके।

मल्टीपरपज हाल के निरीक्षण के दौरान ईंटों की गुणवत्ता खराब पाए जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने संबंधित कार्यदायी संस्था को फटकार लगाते हुए निर्देश दिया कि घटिया सामग्री का प्रयोग किसी भी दशा में स्वीकार्य नहीं होगा तथा दोषी कार्यदायी संस्था के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही उन्होंने खराब सामग्री को तत्काल हटाकर मानक के अनुरूप सामग्री से कार्य कराए जाने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के समापन पर जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने कहा कि जनपद में संचालित सभी निर्माण परियोजनाओं का उद्देश्य आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है। शासन की मंशा के अनुरूप सभी कार्यों को गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी एवं समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराया जाएगा। किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर भदोही में लोकतंत्र का उत्सव

# जिलाधिकारी ने स्वयं साइकिल चलाकर मतदाताओ को किया जागरूक

**मंत्र भारत संवाददाता**

भदोही। भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार जनपद भदोही में 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस हर्षोल्लास और जनभागीदारी के साथ मनाया गया। इस वर्ष राष्ट्रीय मतदाता दिवस की थीम 'मेरा भारत, मेरा वोट' तथा नारा 'भारतीय लोकतंत्र के केंद्र में नागरिक' रखा गया।

जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने कलेक्ट्रेट परिसर से मतदाता जागरूकता साइकिल रैली का शुभारंभ स्वयं साइकिल चलाकर किया। रैली कलेक्ट्रेट से लखनो तिराहा, दुर्गागंज त्रिमोहानी, शीतलपाल तिराहा एवं पुलिस लाइन होते हुए पुनः कलेक्ट्रेट परिसर में सम्पन्न हुई। रैली के माध्यम से आमजन को निर्भीक, निष्पक्ष एवं जागरूक मतदान का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि 25 जनवरी 1950 को भारत निर्वाचन आयोग की स्थापना हुई थी, उसी की स्मृति में प्रतिवर्ष राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है। यह दिवस मतदाता की भूमिका और लोकतंत्र की मजबूती का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष आयोजन का विशेष फोकस युवाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जोड़ने पर रहा।



राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जनपद के युवा मतदाताओं को सम्मानित किया गया तथा जनपद भर में साइकिल रैलियों और पदयात्राओं के माध्यम से मतदान जागरूकता का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया।

जिला निर्वाचन अधिकारी शैलेष कुमार ने उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं नागरिकों को मतदाता शपथ दिलाई। उन्होंने लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा बनाए रखते हुए स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन में निर्भीक होकर मतदान करने का आह्वान किया।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी कुंवर वीरेंद्र मौर्य एवं स्वीप प्रभारी/मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविंद शुक्ल ने कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसमें जागरूक मतदाता ही सशक्त लोकतंत्र की नींव होता है।

मतदाता जागरूकता रैली एवं कार्यक्रम में एसडीएम ज्ञानपुर भान सिंह, डीडीओ ज्ञान प्रकाश, डीआईओ डॉ. पंकज कुमार, तहसीलदार अजय सिंह, डीआईओएस अंशुमान, जिला युवा अधिकारी आर.जी. सिंह चौहान, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी संजय श्रीवास्तव, जिला युवा कल्याण अधिकारी रवि तिवारी, साइकलिंग क्लब अध्यक्ष अत्ताउल्ला अंसारी, डॉ. एस.एस. यादव, प्रवीण श्रीवास्तव, प्रमोद मौर्य, जयप्रकाश दुबे, श्याम सुंदर बिंद सहित बड़ी संख्या में जनपदवासी उपस्थित रहे।

# गणतंत्र दिवस पर भदोही पुलिस का तोहफा 115 गुम मोबाइल बरामद कर स्वामियों को सौंपे

**मंत्र भारत संवाददाता**

भदोही। 77वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर भदोही पुलिस ने रविवार को आमजन के हित में बड़ी सफलता अर्जित करते हुए गुम एवं खोए हुए 115 मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द किए, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 18 लाख 40 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के कुशल निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में जनपद में गुम मोबाइलों की बरामदगी हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत जनपद के सभी थानों पर नियुक्त कंप्यूटर ऑपरेटरों द्वारा सीईआईआर (सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर) पोर्टल, जनसुनवाई और डायल-112 के माध्यम से प्राप्त शिकायतों पर त्वरित व प्रभावी कार्रवाई की गई।

पुलिस के मुताबिक थाना क्षेत्रवार बरामद मोबाइल फोनों में ज्ञानपुर से 19, गोपीगंज से 20, कोइरौना से 6, भदोही से 11, चौरी से 6, औराई से सर्वाधिक 23, ऊंज से 9, सुरियावां से 17 तथा दुर्गागंज से 4 मोबाइल फोन बरामद किए गए।

मोबाइल फोनों की ट्रेसबिलिटी डिटेल्स जैसे सिम कार्ड और लोकेशन का गहन विश्लेषण कर नियमित फॉलोअप के माध्यम से इन्हें बरामद किया गया। रिजर्व पुलिस लाइन, ज्ञानपुर स्थित सभागार में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा मोबाइल स्वामियों को उनके फोन सौंपे गए, जिन्हें वापस पाकर लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त की और भदोही पुलिस की कर्तव्यनिष्ठा, तकनीकी दक्षता एवं जनसेवा भावना की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

पुलिस अभिमन्यु मांगलिक ने आम नागरिकों को सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से मोबाइल ब्लॉक कराने की प्रक्रिया की जानकारी देते हुए साइबर अपराधों से सतर्क रहने तथा दूसरों को भी जागरूक करने की अपील की।



# पुलिस अधीक्षक ने गणतंत्र दिवस की तैयारियों का किया निरीक्षण

**मंत्र भारत संवाददाता**

भदोही। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने पुलिस लाइन ज्ञानपुर का विस्तृत निरीक्षण कर 77वें गणतंत्र दिवस की तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने बार्बर शॉप, धोबी शॉप, आरटीसी मेस डाइनिंग हॉल, कैंटीन, मुख्य परेड ग्राउंड, मंच, गेस्ट हाउस सहित सभी व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया।



इस अवसर पर अभिमन्यु मांगलिक ने संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों और जिम्मेदार टीमों को निर्देश दिए कि सभी तैयारियाँ समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरी की जाएं। सुरक्षा, अनुशासन, साफ-सफाई और अतिथि सत्कार को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने अंतिम रिहर्सल और मॉक ड्रिल कर परेड एवं समारोह के दौरान किसी भी प्रकार की कमी न रहने का भी निर्देश दिया। पुलिस बल की फिटनेस, वर्दी, उपकरण और वाहनों की तैयारियों पर विशेष ध्यान देने को कहा गया।

पुलिस अधीक्षक ने सभी कर्मियों से अपेक्षा जताई कि गणतंत्र दिवस जैसे राष्ट्रीय पर्व पर वे अपनी सर्वोत्तम सेवा और समर्पण का परिचय दें, ताकि कार्यक्रम भव्य और सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हो।

# विशेष अभियान दिवस पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने केएनपीबूथ का किया निरीक्षण, नागरिकों से किया संवाद

**मंत्र भारत संवाददाता**

भदोही। अर्हता तिथि 01.01.2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावली के विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण-2026 कार्यक्रम के दृष्टिगत राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर आयोजित विशेष अभियान के अंतर्गत केएनपीमें बूथों का जिला निर्वाचन अधिकारी शैलेष कुमार ने निरीक्षण किया। विशेष अभियान में सभी बीएलओ अपने सम्बन्धित मतदेय स्थलों पर आलेख्य प्रकाशित मतदाता सूची, वर्ष 2003 की मतदाता सूची, एएसडीडी (अनुपस्थित, शिप्टेड, मृतक एवं डुप्लीकेट) सूची एवं पर्याप्त संख्या मे फार्म -6, 7 एवं 8 के साथ पूर्वान्ह 10:30 से सायं 04:00 बजे तक उपस्थित रहकर मतदाताओं की समस्या का समाधान किया। प्रत्येक मतदेय स्थलों पर मतदाता की सुविधा हेतु हेल्प डेस्क स्थापित किया है जिसपर प्रशिक्षित कर्मचारी उपस्थित रहकर मतदाताओं की समस्याओं का समाधान किया। समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा 56 सेक्टर आफिसर द्वारा भ्रमणशील रहकर मतदेय स्थलों पर बीएलओ की उपस्थिति तथा अन्य कार्यवाही सम्पन्न कराई गई।

जिला निर्वाचन अधिकारी शैलेष कुमार ने बताया कि 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के दृष्टिगत समस्त मतदेय स्थलों पर मतदाता शपथ भी दिलाई गई। मतदाता दिवस की थीम 'मेरा भारत मेरा वोट' है तथा नारा 'भारतीय लोकतंत्र के केंद्र में नागरिक है'।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी कुवर वीरेंद्र मौर्य ने बताया कि आज का विशेष अभियान विशेषकर महिला मतदातओं पर केन्द्रित किया गया था अर्थात इस विशेष अभियान में महिलाओं की भागीदारी अधिक से अधिक संख्या मे अपेक्षित है।



# राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर साइकिलिंग क्लब को मिला प्रशस्ति पत्र

## क्लब के अध्यक्ष को जिलाधिकारी ने किया सम्मानित

**मंत्र भारत संवाददाता**

भदोही। सोलहवे राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर 25 जनवरी को जिला मुख्यालय पर आयोजित समारोह में जागरूकता अभियान मे सराहनीय योगदान करने के लिए जिलाधिकारी शैलेश कुमार ने साइकिलिंग क्लब की सराहना करते हुए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष अताउल मुस्तफा अंसारी को सम्मानित किया।

भदोही साइकिलिंग क्लब लम्बे समय से प्रत्येक रविवार को जागरुकता अभियान चलाकर स्वच्छ पर्यावरण और स्वस्थ जीवन शैली का अलख जगाते हुए लोगों को जागरूक करने का काम करती है ट क्लब से जुड़े लोग शासन व प्रशासन स्तर पर आयोजित जागरुकता कार्यक्रम में भी प्रतिभाग कर शासन की मंशा के अनुरूप प्रचार प्रसार मे सहयोग प्रदान करते हैं। इस सराहनीय कार्य की बदौलत रविवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जिलाधिकारी ने क्लब को प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष को सम्मानित कर उनका उत्साह वर्धन किया ट इस मौके पर अन्य प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।



### सक्षम के शतक और सैफ की घातक गेंदबासे रायबरेली अगले दौर में

# मैत्री मैच में आज़ाद स्पोर्ट क्लब जूनियर ने शासन एकादश को हराया

**मंत्र भारत संवाददाता**

भदोही। सुरियावां क्षेत्र स्थित महर्षि आज़ाद स्टेडियम, मेढ़ी में तेजधर ब्रह्मबाबा खेल समिति द्वारा आयोजित महर्षि आज़ाद राज्यस्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के सातवें दिन शनिवार को खेले गए प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबले में रायबरेली की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कालीचरण क्रिकेट एकेडमी वाराणसी को करारी शिकस्त देकर अगले दौर में प्रवेश किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाकरते हुए रायबरेली की टीम ने 18 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 186 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। रायबरेली के विकेटकीपर बल्लेबाज सक्षम सिंह ने आक्रामक अंदाज़ में 59 गेंदों पर 114 रन की नाबाद शतकीय पारी खेली, जिसमें 16 चौके और 3 छक्के शामिल रहे। जॉनसन चौहान ने 43 रन बनाकर टीम को मजबूती दी। वाराणसी की ओर से अक्षय गुप्ता ने दो तथा ओम प्रकाश ने एक विकेट लिया।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी कालीचरण क्रिकेट एकेडमी वाराणसी की टीम रायबरेली के गेंदबाजों के सामने पूरी तरह बिखर गई और मात्र 10 ओवर में 57 रन पर सिमट गई। वाराणसी की ओर से अक्षय गुप्ता ने सर्वाधिक 18 रन बनाए। रायबरेली की तरफ से मो. सैफ ने घातक गेंदबाकरते हुए 5 विकेट झटके, जबकि अश्वनी दुबे ने 2 विकेट लेकर बल्लेबाक्रम की कमर तोड़ दी।



प्रतियोगिता का दूसरा मुकाबला शासन एकादश और आज़ाद स्पोर्ट क्लब जूनियर के बीच मैत्री मैच के रूप में खेला गया। इसमें शासन एकादश के कप्तान एवं भाजपा भदोही जिलाध्यक्ष दीपक मिश्रा ने शानदार बल्लेबाकी बदौलत टीम को 12 ओवर में 5 विकेट पर 85 रन तक पहुंचाया। जवाब में आज़ाद स्पोर्ट क्लब जूनियर की टीम ने एक ओवर शेष रहते हुए पांच विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए शासन एकादश के कप्तान दीपक मिश्रा को मैन ऑफ द मैच चुना गया। प्रतियोगिता के चीफ ऑर्गेनाइज़र प्रतीक महर्षि दुबे ने उन्हें पुरस्कार प्रदान किया।

आयोजन समिति के अनुसार सोमवार को प्रतियोगिता का अगला मुकाबला पटना बनाम आज़ाद जूनियर तथा दूसरा मैच गाजियाबाद बनाम चंदौली के बीच खेला जाएगा। इस अवसर पर समिति के चीफ ऑर्गेनाइज़र प्रतीक महर्षि दुबे, अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, सचिव अमर बहादुर सिंह सहित विजयशंकर राय, राजमणि पांडेय, मथुरा प्रसाद यादव, राजकुमार सरोज, जेपी सिंह, श्याम बहादुर यादव, परमेंद्र गौतम, मनोज गौतम, अतुल सिंह, नितेश श्रीवास्तव, सनी सिंह सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# एनसीसी कैडेट्स को मतदान का महत्व समझाया, दिलाई गई मतदाता जागरूकता की शपथ

भदोही। नगर के इन्द्र बहादुर सिंह नेशनल इंटर कॉलेज, भदोही में एनसीसी कैडेट्स के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कैप्टन प्रमोद कुमार ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए प्रत्येक नागरिक को अपने मताधिकार का सही और जिम्मेदाराना प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने बताया कि मतदान केवल अधिकार ही नहीं, बल्कि देश के प्रति एक महत्वपूर्ण कर्तव्य भी है। इस अवसर पर कैप्टन प्रमोद कुमार द्वारा एनसीसी कैडेट्स को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई तथा यह संदेश दिया गया कि भारत का प्रत्येक नागरिक जिसकी आयु 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है, उसे अवश्य मतदान प्रक्रिया में भाग लेना चाहिए। कार्यक्रम में विद्यालय के एनसीसी अधिकारी गोविंद उपाध्याय, विद्यालय के अन्य शिक्षक व कर्मचारी तथा एनसीसी कैडेट्स सुजीत कुमार यादव, महक वर्मा, श्रेया दूबे सहित कई कैडेट्स उपस्थित रहे।



# सूर्या बालिका इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय बालिका दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

## 300 से अधिक किशोरियों ने लिया भाग

**मंत्र भारत संवाददाता**

भदोही। सुरियावां क्षेत्र स्थित सूर्य बालिका इंटर कॉलेज में शनिवार को वेलसपन फाउंडेशन फॉर हेल्थ एंड नॉलेज एवं मानव संसाधन एवं महिला विकास संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम में 300 से अधिक किशोरियों ने सहभागिता की। उद्घाटन महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रतिनिधि विवेक द्वारा किया गया।

उद्घाटन करते हुए विवेक ने राष्ट्रीय बालिका दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बाल विवाह समाज के लिए घातक है और इससे बालिकाओं के भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि यदि किशोरियों को समान अवसर दिए जाएं तो वे हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकती हैं। साथ ही उन्होंने किशोरियों के लिए संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी भी साझा की। विद्यालय की अध्यापिका अनीता ने किशोरी शिक्षा पर बल देते हुए कहा कि समाज की नींव शिक्षा है। यदि एक लड़का शिक्षित होता है तो एक परिवार आगे बढ़ता है, लेकिन जब एक लड़की शिक्षित होती है तो दो परिवार शिक्षित होते हैं। उन्होंने बताया कि 24 जनवरी को राष्ट्रीय बालिका दिवस वर्ष 2008 से मनाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य बालिकाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है। कार्यक्रम के दौरान कठपुतली नाटक और गीतों के माध्यम से बाल विवाह मुक्त समाज का संदेश दिया गया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग के विवेक ने किशोरियों को बाल विवाह के विरुद्ध शपथ दिलाई। कार्यक्रम में सरिता मौर्या, केसा एवं रीता सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



# मुख्य चिकित्सा अधिकारी भदोही द्वारा मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का किया निरीक्षण

**मंत्र भारत संवाददाता**

भदोही। मुख्य चिकित्सा अधिकारी भदोही डॉ संतोष कुमार चक द्वार मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला, प्रा0स्वा0केन्द्र हरिहरपुर - दिनांक 25.01.2026 को अपरान्ह् 1.30 बजे प्रा0स्वा0केन्द्र, हरिहरपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के उपरान्त सी0एच0ओ0 आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु एवं प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को प्रत्येक ए0एन0एम0 एवं सी0एच0ओ0 की रविवार को रोस्टर बनाकर रोस्टर के अनुसार ड्युटी लगाये जाने हेतु निर्देशित किया गया। चिकित्सा अधीकारी द्वारा 47 मरीजो एवं आयुर्वेद के चिकित्साधिकारी द्वारा 13 मरीजो का ओ0पी0डी0 किया गया था। मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला, प्रा0स्वा0केन्द्र दुर्गागंज- दिनांक 25.01.2026 को अपरान्ह् 3:15 बजे प्रा0स्वा0केन्द्र, दुर्गागंज का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के उपरान्त आंगनवाडी कार्यकर्ता आशा तथा आशा संगिनी द्वारा उक्त मेंले में प्रतिभाग किया गया था। एवं स्टाल भी लगाया गया था।



# छात्रवृत्ति स्वीकृति पत्र वितरण समारोह का सजीव प्रसारण में जिपं अध्यक्ष, डीएम की उपस्थिति में देखा व सुना गया

**मंत्र भारत संवाददाता**

भदोही। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लखनऊ में समाज कल्याण विभाग, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग एवं अल्पसंख्यक वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित छात्रवृत्ति स्वीकृति पत्र वितरण समारोह का सजीव प्रसारण जनपद भदोही स्थित विभूति नारायण राजकीय इंटर कॉलेज, ज्ञानपुर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने मुख्यमंत्री का संबोधन ध्यानपूर्वक देखा एवं सुना।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी, जिलाधिकारी शैलेष कुमार, सीडीओ बाल गोविंद शुक्ल , जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) अंशुमान, प्रधानाचार्य आलोक तिवारी सहित विद्यालय के शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा छात्रवृत्ति योजना के माध्यम से समाज के सभी वर्गों के विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने का सशक्त अवसर प्रदान किया जा रहा है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में पारदर्शी व्यवस्था के अंतर्गत छात्रवृत्ति की धनराशि सीधे छात्रों के बैंक खातों में भेजा रही है, जिससे पात्र छात्रों को समय पर लाभ मिल रहा है। उन्होंने बताया कि जनपद भदोही में कक्षा 9 से 12 तक तथा उच्च शिक्षा के अंतर्गत समाज कल्याण विभाग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग से संबंधित अनुसूचित जाति एवं सामान्य वर्ग के लगभग 46 हजार छात्रों के बैंक खातों में मुख्यमंत्री द्वारा लगभग 13 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति की धनराशि हस्तांतरित की जा चुकी है। यह सहायता छात्रों को अपनी शिक्षा निर्बाध रूप से जारी रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।



जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी ने अपने संबोधन में कहा कि छात्रवृत्ति योजना सरकार की एक सराहनीय पहल है, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थी भी आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने छात्रों से इस सहायता का सदुपयोग कर शिक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य आलोक तिवारी ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों में प्रेरणा और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण अधिकारी शत्रुघ्न कनोजिया, जिला अल्पसंख्यक कल्याणकारी रमेश चंद्र सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# महंगे सोने-चांदी ने छीनी कारीगरों की रोजी, आंखों में बस एक सवाल- 'घर का चूल्हा कैसे जलेगा'?

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। सोने और चांदी की रिकॉर्ड तोड़ कीमतों ने सर्राफा बाजार की चमक फीकी कर दी है। शादी-ब्याह और त्यौहारों के मौसम के बावजूद आभूषणों की मांग में भारी गिरावट आई है, जिसका सीधा असर गहने बनाने वाले कारीगरों पर पड़ा है। हालात यह हैं कि कई कारीगरों के हाथों से काम छिन गया है और उनके सामने रोज़ी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है।

कभी दिन-रात गहनों को आकार देने वाले कारीगर आज काम के इंतज़ार में बैठे हैं। कानपुर, दिल्ली, गाजियाबाद, नोएडा, फरीदाबाद और गुरुग्राम जैसे बड़े शहरों में कारीगरों को या तो काम से हटा दिया गया है या ठेके पर सीमित काम दिया जा रहा है। कई जगहों पर 60 से 70 प्रतिशत तक कारीगर बेरोजगार हो चुके हैं।

कानपुर के चौक में जेवर तराशने वाले कारीगर 52 वर्षीय शंकर महल अपनी दुकान के बाहर चुपचाप बैठे अपने औजारों को निहारते रहते हैं। पिछले 15 दिनों से उनके हाथ में न तो सोना है, न चांदी और न ही ऑर्डर। आंखों में बस एक सवाल है- घर का चूल्हा कैसे जलेगा?

सोने-चांदी की बढ़ती कीमतों के कारण ग्राहक भारी गहनों से दूरी बना रहे हैं। अब लोग कम वजन और हल्के डिजाइन की ज्यूलरी को प्राथमिकता दे रहे हैं। इससे कारीगरों को मिलने वाला काम और मेहनताना दोनों घट गया है।



दिल्ली में आभूषणों की बिक्री 60 से 70 प्रतिशत तक गिर चुकी है। लाजपत नगर, करोल बाग, चांदनी चौक, रोहिणी और सुभाष नगर के कारीगर इससे सबसे अधिक प्रभावित हैं। ऑल इंडिया जेम्स एंड ज्वैलरी ट्रेड फैडरेशन के अनुसार सोने-चांदी की कीमतें बढ़ने से फिजिकल खरीदारी में भारी गिरावट आई है।

सर्राफा कारोबार से जुड़े छोटे और मध्यम व्यापारी भी इस मंदी से जूझ रहे हैं। कई ज्यूलरी दुकानों में ऑर्डर लगभग बंद हो गए हैं, जिससे उत्पादन ठप्प पड़ता जा रहा है। अनुमान है कि अकेले उत्तर प्रदेश में लाखों कारीगर इस संकट से प्रभावित हैं। गाजियाबाद सर्राफ एसोसिएशन के संरक्षक राजकुमार गुप्ता के मुताबिक ग्राहकों की मांग के बराबर ही काम बचा है।

कारीगरों का कहना है कि लगातार काम न मिलने से परिवार का खर्च उठाना कठिन हो गया है। कई युवा कारीगर अब पारंपरिक पेशा छोड़कर दूसरे रोजगार की तलाश में हैं, जिससे यह सदियों पुरानी कला समाप्त होने के कगार पर पहुंच सकती है।

नोएडा के लगभग 65 प्रतिशत कारीगर बेरोजगार हो गए हैं। छोटे-मध्यम कारोबारी रोजगार के संकट से जूझ रहे हैं। नोएडा ज्वैलर्स एसोसिएशन के महासचिव के अनुसार पहले ऑर्डर मिलने के बाद तैयार माल बिकता था लेकिन अब 1000 से अधिक ज्यूलरी दुकानों में से कई में काम बंद हो गया है।

कारीगर संगठनों ने सरकार से आर्थिक सहायता और सामाजिक सुरक्षा की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते मदद नहीं मिली तो सर्राफा उद्योग की रीढ़ माने जाने वाले कारीगर पूरी तरह टूट जाएंगे।

# उसने भारत के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है, रोहित शर्मा ने की भारतीय कप्तान की तारीफ

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। टीम इंडिया के पूर्व कप्तान और 2024 टी20 वर्ल्ड कप विजेता रोहित शर्मा ने मौजूदा टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव की जमकर सराहना की है। रोहित का मानना है कि सूर्य न सिर्फ कप्तान के तौर पर, बल्कि एक बल्लेबाज के रूप में भी भारतीय टीम के लिए बेहद अहम खिलाड़ी हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ रायपुर टी20 में लंबे समय बाद शानदार फॉर्म में लौटे सूर्यकुमार यादव ने यह साबित कर दिया कि उनका लय में होना भारत की टी20 टीम को कितनी मजबूती देता है, खासकर 2026 टी20 वर्ल्ड कप से पहले।


न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टी20 मुकाबले में सूर्यकुमार यादव ने 468 दिनों के लंबे इंतजार को खत्म करते हुए शानदार अर्धशतक लगाया। उन्होंने 23 पारियों के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय में अपनी पहली फिफ्टी जड़ी और नाबाद 82 रन की पारी खेली। इस पारी में सूर्या ने 9 चौके और 4 छक्के लगाए और भारत को 7 विकेट से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। घरेलू धरती पर होने वाले टी20 वर्ल्ड कप से पहले उनका इस तरह फॉर्म में लौटना टीम इंडिया के लिए बेहद सकारात्मक संकेत माना जा रहा है।

रोहित शर्मा ने कहा कि कप्तान का फॉर्म में होना जरूर जरूरी है, लेकिन सूर्यकुमार यादव का असर उससे कहीं बड़ा है।

उनके मुताबिक, जब सूर्य जैसे मुख्य बल्लेबाज़ फॉर्म से बाहर होते हैं, तो टीम की बैटिंग लाइनअप कमजोर हो जाती है। रोहित ने साफ कहा कि सूर्य भारत के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले बड़े खिलाड़ी हैं और उनका खराब फॉर्म पूरी टीम पर असर डालता है।

रोहित ने सूर्यकुमार यादव की बल्लेबाज़ी शैली को खास बताते हुए कहा कि वह हाई स्ट्राइक रेट से खेलते हैं और ऐसे शॉट्स लगाते हैं जिनकी कल्पना गेंदबाज़ भी नहीं करते। उन्होंने कहा कि सूर्य गेंद को उन जगहों पर भेजते हैं, जहां फील्डर की उम्मीद नहीं होती। इससे गेंदबाज़ लगातार दबाव में रहते हैं और अपनी योजनाएं बदलने पर मजबूर हो जाते हैं। रोहित के मुताबिक, यही वजह है कि सूर्य का फॉर्म में होना पूरी टीम की ताकत बढ़ा देता है।

रोहित शर्मा ने सूर्यकुमार यादव की क्रिकेटिंग समझ की भी तारीफ की। उन्होंने बताया कि छ्क्ष्ट और घरेलू क्रिकेट में लंबे समय तक साथ खेलने के दौरान उन्होंने सूर्या को बेहद समझदार खिलाड़ी पाया है। रोहित के अनुसार, सूर्य हालात को अच्छे से समझते हैं और टीम के खिलाड़ियों से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन निकलवाना जानते हैं। बड़े टूर्नामेंट में आने वाले दबाव भरे पलों से निपटने की क्षमता भी उनमें भरपूर है।



रोहित ने युवा ओपनर अभिषेक शर्मा की भी जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि अभिषेक सिर्फ ताकत के भरोसे नहीं खेलते, बल्कि उनका अप्रोच स्मार्ट और कैलकुलेटेड होता है। रोहित के मुताबिक, पावरप्ले में 50-60 रन जोड़ देना टीम को मजबूत प्लेटफॉर्म देता है। अभिषेक की ऑल-राउंड शॉट रेंज और तेजी से रन बनाने की क्षमता भारत को शुरुआती बढ़त दिलाने में मदद कर रही है।

# नेशनल 10 मीटर एयर पिस्टल निशानेबाज़ी ट्रायल्स में सैन्यम और गौरव बने चैंपियन

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में आयोजित नेशनल सेलेक्शन ट्रायल्स 1 और 2 का समापन रोमांचक मुकाबलों के साथ हुआ। 10 मीटर एयर पिस्टल ट्रायल-2 के फाइनल में चंडीगढ़ की सैन्यम ने महिला वर्ग में, जबकि उत्तर प्रदेश के गौरव कुमार ने पुरुष वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया।

वर्ल्ड कप फाइनल की रजत पदक विजेता सैन्यम ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए फाइनल में 243.1 का प्रभावशाली स्कोर किया। उन्होंने दूसरे स्थान पर रहीं रिदम सांगवान (237.7) को 5.4 अंकों से पछाड़ा। मीनू पाठक ने 218.5 अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया।

क्वालिफिकेशन में सुरुचि सिंह ने 587-31 के बेहतरीन स्कोर के साथ शीर्ष स्थान पाया, लेकिन फाइनल में आठवें स्थान पर रहीं। पालक (579-16) क्वालिफिकेशन में दूसरे स्थान पर रहीं और फाइनल में पांचवें स्थान पर रहीं। अनुभवी श्वेता सिंह ने क्वालिफिकेशन में तीसरा स्थान (578-18) हासिल किया, जबकि फाइनल में छठे स्थान पर रहीं। शीर्ष आठ में प्रिया मुरलीधर, दिव्या टी एस, रिदम सांगवान और सैन्यम भी शामिल रहीं। पुरुष वर्ग में गौरव कुमार ने ट्रायल-1 में दूसरे स्थान के बाद ट्रायल-2 में शानदार वापसी करते हुए खिताब जीता। उन्होंने फाइनल में 245.5 का स्कोर कर पहला स्थान हासिल किया। योगेश कुमार 244.6 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे। उत्तर प्रदेश के हर्ष स्वामी ने 221.9 अंकों के साथ तीसरा स्थान पाया।



क्वालिफिकेशन में सेना के अजेंद्र सिंह चौहान ने 588-21एक्स के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। उनके अलावा उधयवीर सिंह, कमलजीत चौधरी, ओलंपिक पदक विजेता सरबजोत सिंह और केदारलिंग बालकृष्ण उचागांवकर ने भी शीर्ष आठ में जगह बनाई।

## ऑस्ट्रेलियाई ओपन : नोवाक जोकोविच वाकओवर मिलने से क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

मेलबर्न **(एजेंसी)**। रिकॉर्ड 10 बार के विजेता नोवाक जोकोविच कोर्ट पर उतरे बिना ही ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं क्योंकि चौथे दौर में उनके प्रतिद्वंदी जैकब मेनसिक ने पेट की मांसपेशियों में खिंचाव कारण 24 घंटे पहले ही रविवार को अपना नाम वापस ले लिया।

इससे अपना 25वां ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीतने की कवायद में लगे जोकोविच को वाकओवर मिल गया। आयोजकों ने रविवार देर रात मेनसिक के नाम वापस लेने की पुष्टि की। यह मैच सोमवार रात को रॉड लेवर एरिना में खेला जाना था। मेनसिक ने कहा, 'पिछले कुछ मैचों के बाद मुझे अच्छा महसूस नहीं हो रहा था। समस्या मेरे पेट की बाई तरफ की मांसपेशियों में है। अगर मैं सोमवार को कोर्ट पर उतरता हूं तो यह मेरे स्वास्थ्य के लिए जोखिम भरा हो सकता है।'

शनिवार को 16वीं वरीयता प्राप्त मेनसिक ने एथन क्विन को सीधे सेटों में हराया था। जोकोविच तीसरे दौर में बोटिक वैन डे ज़ैंडशल्प को 6-3, 6-4, 7-6 (4) से हराकर ग्रैंड स्लैम एकल में 400 जीत हासिल करने वाले पहले खिलाड़ी बने थे।



# पामेला कोंटी को भारतीय अंडर-17 महिला फुटबॉल टीम की मुख्य कोच नियुक्त किया गया

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। इटली की पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी पामेला कोंटी को भारतीय महिला अंडर-17 टीम की मुख्य कोच नियुक्त किया गया और वह इस साल भारत के एएफसी एशियाई कप अभियान की जिम्मेदारी संभालेंगी। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की यह इस महीने में राष्ट्रीय टीम के लिए की गई दूसरी नियुक्ति है। इस महीने की शुरुआत में कोस्टा रिका की एमेलिया वाल्वर्डे को सीनियर महिला टीम का मेंटोर (मार्गदर्शक) नियुक्त किया गया था।

2015 और 2023 में फीफा महिला विश्व कप में कोस्टा रिका टीम का नेतृत्व करने वाली एमेलिया एक से 12 मार्च तक ऑस्ट्रेलिया में होने वाले एएफसी एशियाई कप तक टीम की देखरेख करेंगी। एएफसी महिला अंडर-17 एशियाई कप 30 अप्रैल से 17 मई तक चीन में आयोजित होगा। एआईएफएफ ने कहा कि 43 वर्षीय कोंटी अंडर-17 महिला टीम के महाद्वीपीय टूर्नामेंट की तैयारी के ट्रेनिंग शिविर में शामिल हो गई हैं जो आंध्र प्रदेश के अनंतपुर में चल रहा है। एआईएफएफ ने बयान में कहा, 'कोंटी के सहायक स्टाफ के रूप में उनके भाई विंसेंजो कोंटी सहायक कोच के रूप में टीम में शामिल होंगे।'

निवेथा रामदोस सहायक कोच के रूप में बनी रहेंगी। कोंटी का पहला आधिकारिक टूर्नामेंट सैफ अंडर-19 महिला चैंपियनशिप 2026 होगा जो 31 जनवरी से सात फरवरी तक नेपाल के पोखरा में आयोजित होगा। भारत इस टूर्नामेंट में अपनी अंडर-17 टीम के साथ भाग लेगा जिसमें 2009 या उसके बाद जन्मी खिलाड़ी शामिल होंगी। इटली की पूर्व अंतरराष्ट्रीय मिडफील्डर कोंटी के पास उच्च स्तरीय खेल और अंतरराष्ट्रीय कोचिंग अनुभव का खजाना है। अपने शानदार करियर के दौरान उन्होंने इटली महिला राष्ट्रीय टीम के लिए 90 मैच खेले और 30 गोल किए। उन्होंने 2005 और 2009 यूएफा महिला यूरोपीय चैंपियनशिप सहित यूरोप के उच्चतम स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व किया।



## रूसी तेल खरीद मामले में नया मोड, 25 फीसदी टैरिफ पर बदल सकता है अमेरिका का फैसला

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। रूस से कच्चा तेल खरीदने को लेकर भारत पर लगाए गए 25 फीसदी अमेरिकी टैरिफ को लेकर अब नरमी के संकेत मिलने लगे हैं। अमेरिका के वरिष्ठ अधिकारी स्कॉट बेसेंट ने कहा है कि भारतीय रिफाइनरियों ने रूसी तेल की खरीद में कटौती की है, जिससे यह साफ होता है कि अमेरिका का यह कदम अपने उद्देश्य में सफल रहा है। उनके इस बयान से संकेत मिलते हैं कि भविष्य में इन टैरिफ को हटाने या कम करने का रास्ता निकल सकता है।

स्कॉट बेसेंट के मुताबिक, भारत पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने का मकसद रूसी तेल की खरीद को कम करना था। उन्होंने कहा, 'हमने भारत पर रूसी तेल खरीद को लेकर 25इ टैरिफ लगाया था। इसके बाद भारतीय रिफाइनरियों की रूसी तेल की खरीद लगभग ठप हो गई है। इससे साबित होता है कि यह कदम सफल रहा है।'



बेसेंट ने यह भी साफ किया कि फिलहाल 25 फीसदी टैरिफ लागू हैं। हालांकि उनके बयान से यह संकेत जरूर मिलता है कि अगर मौजूदा स्थिति बनी रहती है, तो आने वाले समय में इन टैरिफ को हटाने या कम करने पर विचार किया जा सकता है। इसे भारत-अमेरिका व्यापारिक संबंधों के लिहाज से एक अहम संकेत माना जा रहा है।

भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा कच्चा तेल आयातक देश है। यूक्रेन युद्ध के बाद रूस भारत का बड़ा तेल आपूर्तिकर्ता बनकर उभरा था लेकिन अमेरिकी दबाव और टैरिफ के चलते भारतीय रिफाइनरियों ने रूसी तेल की खरीद में कटौती की है।

## आपसी मतभेदों को भुलाकर सनातन धर्मावलंबियों की करें रक्षा

# शंकराचार्य स्वामी श्री अधोक्षजानंद ने बांग्लादेश के हिंदुओं की रक्षा के लिए विशेष वैदिक अनुष्ठान, महायज्ञ शुरू किया

**मंत्र भारत संवाददाता**

प्रयागराज। बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हो रही हिंसा को लेकर माघ मेले में आए साधु, संतों में भी गहरा आक्रोश है। माघ मेले में जहां साधु, संत विश्व शांति और लोक कल्याण के लिए तरह-तरह के यज्ञ और अनुष्ठान कर रहे हैं। वहीं माघ मेले में आए गोवर्धन पीठ के शंकराचार्य स्वामी श्री अधोक्षजानंद देवतीर्थ जी महाराज ने अपने त्रिवेणी मार्ग स्थित शिविर में आज बांग्लादेश के हिंदुओं की रक्षा के लिए विशेष वैदिक अनुष्ठान और महायज्ञ का आयोजन किया है। रविवार देर शाम आयोजित किए गए वैदिक अनुष्ठान और महायज्ञ में बांग्लादेश के सवा करोड़ हिंदुओं की रक्षा और कल्याण की कामना की गई है।

शंकराचार्य स्वामी श्री अधोक्षजानंद देवतीर्थ जी महाराज ने कहा की बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं के जान-माल का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने माघ मेले में आए सभी धर्म गुरुओं से अपील की है कि आपसी मतभेदों को भुलाकर विश्व भर में फैले सनातन धर्मावलंबियों की रक्षा के लिए अनुष्ठान करें। उन्होंने कहा है कि बांग्लादेश में लगभग सवा करोड़ हिंदू आबादी है लेकिन वहां पर हिंदू घर में सुरक्षित नहीं है। घर के बाहर सुरक्षित नहीं हैं। बांग्लादेश में हर ओर मार काट मची है। हिंदुओं को जलाया जा रहा है उन्हें सड़कों पर मारा जा रहा है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेशी हिंदुओं की रक्षा के लिए हमें एक मत होकर योजना बनाकर उनकी मदद के लिए आगे आना चाहिए।

शंकराचार्य स्वामी श्री अधोक्षजानंद देवतीर्थ जी महाराज ने भारत सरकार से अपील की है कि राजनीतिक शक्तियों का प्रयोग करके बांग्लादेश पर हिंदुओं की रक्षा का दबाव बनाएं, ताकि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं के लिए जो भय का माहौल है वह खत्म हो सके। उन्होंने कहा है कि देश की आजादी और बांग्लादेश निर्माण से लेकर अब तक हिंदुओं ने तरह-तरह की प्रताड़ना सही है। लेकिन वह अपने धर्म और धर्मस्थलों के प्रति वफादार रहे। उन्होंने कहा कि 2023 में मैंने बांग्लादेश का दौरा किया था। 10 दिन के प्रवास में बांग्लादेश के कई शहरों में जाना भी हुआ था।

उन्होंने कहा है कि बांग्लादेश में हिंदुओं के सात शक्ति पीठ और अन्य कई धार्मिक स्थल मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश के हिंदुओं ने दिल खोलकर स्वागत किया था और उन्होंने बताया था कि 135 वर्ष बाद कोई शंकराचार्य बांग्लादेश की भूमि पर आया है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेशी हिंदुओं की धार्मिक निष्ठा सनातन में है और उनकी आस्था सनातन के गुरुओं में है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेशी हिंदुओं के संघर्ष का परिणाम है कि वहां पर हमारी शक्तिपीठें अभी भी सुरक्षित हैं। उन्होंने केंद्र सरकार से बांग्लादेश के हिंदुओं के जान माल और धार्मिक स्थलों की सुरक्षा के लिए राजनीतिक और कूटनीतिक कदम उठाए जाने की सरकार से मांग की है।

उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की है कि जो बांग्लादेशी हिंदू भारत आना चाहता है उसे यहां पर नागरिकता दी जाए। इसके साथ ही उन्हें बराबरी का सम्मान भी मिले। उन्होंने कहा कि भारत के अलावा विश्व में कोई और हिंदू देश नहीं है। उन्होंने कहा कि दुनिया में जहां-जहां सनातनी हैं वह भारत से अपनी रक्षा की उम्मीद करते हैं। उन्होंने कहा कि इसलिए केंद्र सरकार बांग्लादेश के हिंदुओं के लिए जो कर सकती है, उसे करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं धर्मगुरुओं से भी अपील करता हूं कि वह आपसी मतभेद भुला दें और हाथी, घोड़ा और पालकी की बातों में कोई फायदा नहीं रखा है।



उन्होंने कहा कि आदिगुरु शंकराचार्य ने विखंडित भारत को एक सूत्र में पिरो दिया था। उन्होंने कहा एक बार फिर से जरूरत है कि अखंड भारत का निर्माण हो और सनातन की धर्म ध्वजा विश्व के सर्वोच्च शिखर पर लहराए।

# अनुपमा को जेल के पीछे सड़ने को मजबूर करेगी रजनी, परिवार के बीच मचेगा कोहराम

रुपाली गांगुली के सीरियल अनुपमा में अनुपमा की मुश्किलें बढ़ती चली जा रही हैं। अनुपमा को नहीं पता है कि वो कैसे चॉल को टूटे से बचाएगी। वहीं पराग को अपने बिजनेस की फिक्र हो रही है। सीरियल अनुपमा में अब तक आपने देखा, पराग रजनी की बातें सुनने के बाद सीधा अपने घर पहुंच जाता है। आते ही पराग वसुंधरा के पैरों में गिर जाता है। पराग वसुंधरा को बताता है कि वो उसकी विरासत को बचा नहीं पा रहा है। ऐसे में मां होने के नाते वसुंधरा पराग को संभालती है। दूसरी तरफ अनुपमा चॉल के बाहर रहने को मजबूर हो जाती है। इसी बीच सीरियल अनुपमा की कहानी में एक और बड़ा धमाका होने वाला है जिसकी वजह से पूरे शाह परिवार में हंगामा खड़ा हो जाएगा।

सीरियल अनुपमा के आने वाले एपिसोड में आप देखेंगे, अनुपमा रजनी के खिलाफ सबूत जमा करने की कोशिश करेगी। हालांकि रजनी अनुपमा को अच्छे से सबक सिखाने वाली है। जल्द ही राही को पता चलेगा कि पराग ने अपनी जमीन जायदाद को दांव पर लगा दिया है और वो अनुपमा की वजह से बर्बाद हो सकता है। ये बात जानकर राही अनुपमा पर भड़क जाएगी।



राही की तरह भारती भी अनुपमा पर आरोप लगाने वाली है। भारती दावा करेगी कि रजनी कभी भी गलत नहीं हो सकती। भारती की बातें सुनकर अनुपमा को सदमा लग जाएगा। जल्द ही रजनी कुछ ऐसा करेगी जिसकी वजह से अनुपमा को जेल जाना पड़ जाएगा। ये बात जानकर परिवार के लोग घबरा जाएंगे। जस्सी अनुपमा की मदद करने की कोशिश करेगी।

प्रार्थना बार बारपराग को फोन घुमाएगी। पराग पहली बार अपनी ही बेटी को नजरअंदाज करेगा। पराग ख्याति से कहेगा कि अब प्रार्थना की शादी हो चुकी है। ऐसे में वो अब उससे कोई नाता नहीं रखान चाहता।

# 7 मिनट 11 सेकंड और 6 मिनट 39 सेकंड के वीडियो के पीछे छिपी है बड़ी साजिश

इंटरनेट की दुनिया में इन दिनों प्राइवेट वीडियो की बाढ़ आई है। सोशल मीडिया पर आए दिन कोई ना कोई वीडियो वायरल हो जाता है। साल 2026 के शुरुआती कुछ दिनों में 'मैरी उमर का 7 मिनट 11 सेकंड का वीडियो' और 'फतिमा जटोई के 6 मिनट 39 सेकंड का वीडियो' चर्चा में आए हैं। लोग इन वीडियोज को तेजी से खोज रहे हैं। लेकिन इसी बीच साइबर एक्सपर्ट ने चेतावनी दी है इन वीडियो को खोज रहे लोगों को लिंक्स पर क्लिक करना खतरे से खाली नहीं है। दरअसल, इन वायरल वीडियो के ट्रेंड के नाम 'डिजिटल हनी ट्रैप' में फंसाने का नया तरीका है।

7 मिनट 11 सेकंड और 6 मिनट 39 सेकंड के वीडियो का पाकिस्तान से कनेक्शन है। चिंता इस बात है कि भारतीय यूजर्स की पर्सनल जानकारी चुराने के लिए खास तरह की चाल है। इस तरह से पाकिस्तानी सोशल मीडिया अकाउंट्स के जरिए भारतीय यूजर्स को निशाना बनाने का तरीका है।

साइबर की दुनिया में अपराध करने वाले लोग खास तरह के टाइम का इस्तेमाल करते हैं, जैसे- 7 मिनट 11 सेकंड का वीडियो और 6 मिनट 39 सेकंड का वीडियो। इस तरह के वीडियो को खोजने के चक्कर में 'डिजिटल हनी ट्रैप' का शिकार हो सकते हैं। इस तरह से साइबर एक्सपर्ट ने सलाह दी है कि इस तरह वायरल वीडियो के लिंक्स को ओपन ना करें। गौरतलब है कि इससे पहले भी साइबर एक्सपर्ट चेताया था कि डिजिटल फ्रॉड करने वालों ने इन वायरल वीडियोज के नाम पर फर्जी लिंक बनाकर लोगों को पर्सनल डिटेल चुराने का खेल तैयार किया।

बताते चलें कि जनवरी के पहले सप्ताह में उमैर नाम के पाकिस्तानी शख्स का एक महिला का साथ का प्राइवेट वीडियो चर्चा में आया जो 7 मिनट 11 सेकंड का था। इस वीडियो के आते ही हंगामा मच गया था। इसके कुछ दिन बाद फातिम जटोई का 6 मिनट 39 सेकंड का प्राइवेट वीडियो सुर्खियों में आ गया। हालांकि, इस वीडियो को लेकर अलग-अलग दावे हैं। कुछ लोगों का कहना है कि ये सच है तो कुछ लोगों का मानना है कि इसे एआई से बनाया गया है। वहीं, फातिमा जटोई का एक वीडियो सामने आया था, जिसमें वह कह रही है कि ये वीडियो फर्जी है और उसे बदनाम किया जा रहा है। गौरतलब है कि साल 2025 के आखिर में भारत में भी कई प्राइवेट वीडियो वायरल हुए थे।

Facebook: https://www.facebook.com/profile.php?id=100063787346044 | Twitter: https://twitter.com/mantrabharat?t=8tJONQ7H-h6EKqqap2tVMw&s=08 | Mobile No: 7007837917

मंत्र भारत : R.N.I. UPHIN/2012/52437 स्वात्वाधिकारी राकेश शर्मा के लिए राकेश शर्मा द्वारा श्री बालाजी प्रिंटर्स टिकरी, कमला नगर, प्रयागराज से मुद्रित एवं 80-ए मेहदौरी, तेलियरगंज, प्रयागराज-211004 से प्रकाशित एवं सम्पादित।

● सम्पादक विनीता शर्मा ● मोबाइल : 9415975437, 7007837917, 9415223357 ● E-Mail : editormantrabharat@gmail.com ● वैधानिक सूचनाः- मंत्र भारत से संबंधित समस्त विवाद निपटारे का क्षेत्र प्रयागराज न्यायालय होगा।

